संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, शनिवार, 23 नवंबर 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र के मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर में प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्षः 18 अंकः 322 पृष्ठः 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## पॉल्यूशन पर दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं: कोर्ट

● ट्रकों की एंट्री बैन पर कुछ नहीं किया, 3 दिन और सख्ती की जानी चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**फटकार**

▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने कहा, '113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट** ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली की आप सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने कहा, 'दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है।" सुप्रीम कोर्ट ने कहा, '113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाई जाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करेंगे।' जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार के कदम को लेकर आपत्ति जताई है। आदेशों के बावजूद दिल्ली पुलिस स्टेज 4 के प्रतिबंध समय पर लागू कराने में विफल रही। ग्रैप-4 के प्रतिबंध कम से कम 3 दिन और लागू रहने चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

**जस्टिस ओकाः** दिल्ली सरकार हमें बताए कि जो ट्रक एंट्री चाहते हैं, वो जरूरी सामान ले जा रहे हैं या नहीं। इसको देखने का क्या मैकेनिज्म है। आपके पास इन जरूरी चीजों की लिस्ट है?

**दिल्ली सरकारः** अभी हमारे पास लिस्ट नहीं है।

**जस्टिस ओका-** अगर आपके पास लिस्ट नहीं है, इसका मतलब कोई चेकिंग नहीं हो रही है। आपके एफिडेविट में ऐसे किसी मैकेनिज्म का जिक्र नहीं है, जो बता रहा हो कि आप कैसे ट्रकों की एंट्री रोक रहे हैं।

**जस्टिस ओकाः** हमने आपसे कहा था कि टीमें बनाइए मॉनीटरिंग के लिए। एफिडेविट में दिखाइए कहां आदेशों का पालन किया है। आपने बहुत हल्का एफिडेविट बनाया है। आपने ये भी नहीं बताया कि कितने चेकपोस्ट आपकी निगरानी में हैं। वहां तैनात आदमी को नहीं पता होगा कि किन जरूरी चीजों को छूट दी गई है, तब जो सभी प्रतिबंध आप बता रहे हैं वो एकतरफा हो जाएंगे।

**दिल्ली सरकारः** जो ट्रक मेडिसिन, तेल और पेट्रोलियम आदि ले जा रहे हैं,वो जरूरी सामानों में है।

**जस्टिस ओकाः** कौन सारी चीजों की जांच कर रहा है?

**दिल्ली सरकारः** ट्रैफिक पुलिस अफसर।

**जस्टिस ओका-** हम यह सुझाव दे रहे हैं कि बार के कुछ युवा सदस्य इन चेक पॉइंट्स पर जाएं और देखें कि प्रतिबंध वाकई में लागू किए जा रहे हैं या नहीं।



रायसीना हिल्स, दिल्ली

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में, एक्यूआई 371 हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली की वायु गुणवत्ता "बहुत खराब" श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक शुक्रवार सुबह 10 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 371 था। हालांकि दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई अब भी 400 अधिक दर्ज किया जा रहा है। राजधानी दिल्ली में ग्रेप 4 की पाबंदियां लागू हैं। आनंद विहार सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक रहा, जहां एक्यूआई 414 दर्ज किया गया। नजफगढ़ में 357, सोनिया विहार में 401, बवाना में 411, द्वारका सेक्टर 8 में 384, मुंडका में 401और वजीरपुर में 414 एक्यूआई दर्ज किया गया। शादीपुर में भी एक्यूआई 402 दर्ज किया गया।

## प्रवासी भारत की संस्कृति और मूल्यों के राजदूतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**मजबूत कड़ी**

▶▶ समुद्र पार होने के बावजूद, भारत माता के साथ हमारा सांस्कृतिक संबंध मजबूत हैः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुयाना में भारतीय समुदाय को जनवरी 2025 में भारत में आयोजित होने वाले महाकुंभ और प्रवासी भारतीय दिवस में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उन्होंने प्रवासी सदस्यों को "राष्ट्रदूत" यानी भारत की संस्कृति और मूल्यों के राजदूत कहा और उनसे दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "समुद्र पार होने के बावजूद, भारत माता के साथ हमारा सांस्कृतिक संबंध मजबूत है।" प्रधानमंत्री ने जॉर्जटाउन के नेशनल सेंटर में भारतीय प्रवासियों की एक सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति इरफान अली, प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रधानमंत्री का असाधारण गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे और स्थिरता के क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति और परिवर्तन को रेखांकित किया। उन्होंने वित्तीय समावेशन, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और समावेशी विकास जैसी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। भारत-गुयाना के विशेष संबंधों पर विचार करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी ऐतिहासिक राजकीय यात्रा के दौरान कई नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

## मणिपुर हिंसा पर खड़गे को नड्डा का जवाब



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** मणिपुर हिंसा मामले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र को लेकर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा है। नड्डा ने पत्र में लिखा कि 'मणिपुर की स्थिति को सनसनीखेज बनाने के लिए कांग्रेस द्वारा बार-बार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसा लगता है कि आप भूल गए हैं कि न केवल आपकी सरकार ने भारत में विदेशी उग्रवादियों के अवैध प्रवास को वैध बनाया बल्कि तत्कालीन गृहमंत्री चिदंबरम ने उनके साथ संधियों पर हस्ताक्षर किए थे। इसके अलावा, गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने देश से भागने वाले इन ज्ञात उग्रवादी नेताओं को उनके अस्थिर करने के प्रयासों को जारी रखने के लिए पूरे दिल से समर्थन और प्रोत्साहन दिया। कांग्रेस के विपरीत, हमारी सरकार किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देगी।'

## तावड़े ने राहुल, खड़गे व सुप्रिया को भेजा मानहानि का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान कथित तौर पर रुपये बांटने के आरोपों में घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, राहुल गांधी और सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस भेजा है। तावड़े ने कांग्रेस नेताओं से माफी मांगने को कहा है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए विनोद तावड़े ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की पूर्व संध्या पर 19 नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया ने उन पर मतदाताओं को 5 करोड़ रुपये बांटते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने का आरोप लगाया। इस पर नाटकीय बयान दिए गए। कांग्रेस पार्टी सिर्फ भाजपा को बदनाम करना चाहती थी।

## अमन अरोड़ा बने पंजाब आआपा के प्रदेश अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी में शुक्रवार को अचानक से बड़ा फेरबदल हुआ है। आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्वयं अपने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। पहले भगवंत मान ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। अक्टूबर माह के दौरान संगठन की मजबूती के लिए बदलाव के संकेत दिए थे। जिसके बाद शुक्रवार को भगवंत मान ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को पंजाब में आम आदमी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है।

## प्रदूषण पर सामूहिक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की जरूरतः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम साथ आएं, चर्चा करें और भारत को इस संकट से बचाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर राजनीतिक दोषारोपण नहीं, बल्कि सामूहिक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की जरूरत समझते हैं। राहुल गांधी ने वीडियो में पर्यावरण विशेषज्ञ से बातचीत साझा करते हुए एक ट्वीट में कहा कि थोड़े दिनों में संसद सत्र शुरू होने वाला है और यह सभी सांसदों को याद दिलाएगा कि प्रदूषण कितना बड़ा संकट है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का बादल सैकड़ों किलोमीटर तक फैला है और इसे साफ करने के लिए सरकार, कंपनियों, विशेषज्ञों और नागरिकों को बड़े बदलाव और निर्णायक कार्यवाही के लिए आगे आना होगा।



## प्रधान और डॉ. मंडाविया ने विश्व बैंक की 'जॉब्स एट योर डोरस्टेप' रिपोर्ट जारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया के साथ "जॉब्स एट योर डोरस्टेपः ए जॉब्स डायग्नोस्टिक्स फॉर यंग पीपल इन सिक्स स्टेट्स" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नौकरियों और रोजगार की परिभाषा को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधान ने कहा कि रूपरेखा को व्यापक बनाया जाना चाहिए और आर्थिक अवसरों और सशक्तीकरण के परिप्रेक्ष्य से देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को वैश्विक कौशल केंद्र में परिवर्तित के दृष्टिकोण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि देश की जनसंख्या वैश्विक अर्थव्यवस्था का चालक होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए कौशल विकास की शुरूआत स्कूलों से ही होनी चाहिए और एनईपी-2020 में स्कूलों में कौशल विकास को मुख्यधारा में लाने की परिकल्पना की गई है। भविष्य के लिए कार्यबल को लगातार कौशल प्रदान करना और पुनः कौशल प्रदान करना आवश्यक है।




## कानून समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय में बुलाई गई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली में आए दिन हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए गृह मंत्रालय में शुक्रवार को बुलाई गई बैठक में पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और छह पुलिस अधिकारी पहुंचे। पहले गृहमंत्री अमित शाह पुलिस मुख्यालय में आने वाले थे, लेकिन किसी मीटिंग के कारण वह पुलिस मुख्यालय नहीं आए। पिछले महीने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा देश की सबसे बड़ी ड्रग्स की खेप पकड़े जाने के बाद गृह मंत्री का दौरा पहले 16 अक्टूबर को निर्धारित था।

## तेज गेंदबाजों ने दिलाई भारत को बेहतरीन वापसी

**पर्थ टेस्ट**

▶▶ जसप्रीत बुमराह ने झटके 4 विकेट
▶▶ पहली पारी के आधार पर भारत अभी भी 83 रन आगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**पर्थः तेज गेंदबाजों के शानदार** प्रदर्शन की बदौलत भारत ने यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में शानदार वापसी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने पर केवल 67 रनों पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिये। दिन का खेल खत्म होने पर एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टॉर्क 6 रन बनाकर नाबाद हैं। पहली पारी के आधार पर भारत अभी भी 83 रन आगे है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी। 150 रनों पर ऑल आउट होने के बाद लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में पिछड़ जाएगी, लेकिन कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों ने भारतीय टीम को बेहतरीन वापसी दिलाई।

**बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ढहाया**

जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने केवल 19 रनों के कुल स्कोर पर नाथन मेकस्विनी (10), उस्मान ख्वाजा (08) और स्टीवन स्मिथ (00) को पवेलियन भेज दिया।

समाज कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
एम. एस. ओ. बिल्डिंग, सातवां तल, आई पी एस्टेट, आई. टी. ओ., दिल्ली-110002

दिल्ली के वृद्धावस्था सहायता योजना के तहत 80,000 रिक्तियों के लिए अभी आवेदन करें



वृद्धावस्था आर्थिक सहायता योजना के अन्तर्गत 60-69 आयु वर्ग के वृद्धजनों को रुपए 2000/- प्रतिमाह (अनुसूचित जाति/जन जाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग हेतु अतिरिक्त 500/- रुपए प्रतिमाह) एवं 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों को 2500/- रुपए प्रतिमाह की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

निर्धारित पात्रता
1. आयु 60 वर्ष या इससे अधिक हो।
2. प्रार्थी आवेदन करने से पूर्व दिल्ली का कम से कम पाँच वर्ष का निवासी हो।
3. परिवार की आय 100000/-रू. वार्षिक से अधिक न हो।
4. आधार नम्बर आवेदन करने हेतु अनिवार्य है।
5. प्रार्थी के पास किसी भी बैंक में एकल संचालित खाता जो कि आधार से जुड़ा हुआ हो।
6. प्रार्थी अन्य किसी संस्था से पेंशन प्राप्त नहीं कर रहा हो।

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज
1. प्रार्थी का आधार कार्ड
2. आवास संबंधी दस्तावेज, जो कि आपका वर्तमान पता दिखाता हो।
3. बैंक में एकल संचालित खाता जो कि आधार से जुड़ा हुआ हो।
4. स्व-प्रमाणित आय घोषणा
5. अनुसूचित जाति/जन जाति एवं अल्पसंख्यक प्रमाण (यदि लागू होता है)

योजना हेतु आवेदन प्रक्रिया
1. यदि प्रार्थी उक्त योजना के अन्तर्गत निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते हैं तो वे ऑनलाइन ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल (edistrict.delhigovt.nic.in) पर आवेदन कर सकते हैं।
2. आवेदन हेतु किसी भी प्रकार की पूछताछ/सहायता हेतु प्रार्थी संबंधित जिला समाज कल्याण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।
3. संबंधित जिला समाज कल्याण कार्यालयों के नाम/पते की सूची विभागीय वेबसाइट (https://socialwelfare.delhi.gov.in) पर उपलब्ध है।



नोटः आवेदन हेतु पोर्टल 24 नवम्बर से प्रारंभ होगा और 3 सप्ताह तक या 80,000 आवेदन प्राप्त होने तक सक्रिय रहेगा।

समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/0039/24-25

## हकेंवि में अनुसंधान पद्धति पर केंद्रित दस दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अनुसंधान पद्धति पर केंद्रित दस दिवसीय कार्यशाला का समापन को गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित कार्यशाला में देशभर के विभिन्न संस्थानों से 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न शोध पद्धतियों को सीखने के साथ-साथ समकालीन शोध क्षेत्रों को जाना समझा। कार्यशाला के समापन सत्र की शुरूआत में राधिका ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | जगाधरी वर्कशॉप में प्रशासनिक भवन, लेखा कार्यालय और सीईओ में अधिभोग सेंसर का प्रावधान। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | दिनांक 13.12.2024 प्रातः 11:45 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि का समय | 21.11.2024 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नही | अब तक कोई प्री–बिड क्वेरी | नही |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 43,05,584/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु.86,100/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज की लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 90 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 29.11.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 13.12.2024 प्रातः 11.45 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

संख्या 56–डब्ल्यू/इलेक्ट्र/24–25/टी/13/अधिभोग सेंसर 3583/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ग्रेटर नोएडा के पास अब बसेगी ऑस्ट्रियन सिटी, मिलेगा रोजगार



**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** दुनिया भर के लिए गौतमबुद्ध नगर निवेश का केंद्र बन चुका है। कोरिया, जापान, अमेरिका, चीन समेत कई देशों की कंपनियां जिले में निवेश कर चुकी हैं या इसकी तैयारी में है। इसमें एक नाम और जुड़ने जा रहा है यूरोपीय देश आस्ट्रिया का। आस्ट्रिया ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन, स्टार्टअप, तकनीकी में निवेश की इच्छा जताई है। आस्ट्रिया के टाइरोल इकोनॉमिक चैंबर के वाइस प्रेसिडेंट मैनफ्रेड प्लेजर के नेतृत्व में 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिवसीय भारत दौरे के तहत बेंगलुरु के बाद बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाएं तलाश की।

**सरकारी नीतियों पर प्रतिनिधिमंडल के सामने दिया प्रस्तुतिकरण :** मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया की मौजूदगी में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण और इनवेस्ट यूपी के अधिकारियों ने उपलब्ध संसाधनों और सरकारी नीतियों पर प्रतिनिधिमंडल के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया। क्षेत्र में ढांचागत सुविधाओं, नीतियों के अलावा महत्वपूर्ण परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। ग्रेटर नोएडा सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला प्रदेश है। यहां कृषि, शिक्षा, स्टार्ट अप, तकनीकी और पर्यटन में अपार संभावनाएं हैं।

**'हट का विकसित भारत के विजन पर फोकस':** मथुरा, काशी और अयोध्या पर्यटन के लिहाज से काफी समृद्ध हैं। उन्होंने एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कारिडोर, डाटा सेंटर, नॉलेज हब और मास्टर प्लान 2041 के ग्रेटर नोएडा आदि का खाका प्रतिनिधिमंडल के समक्ष खींचा। यीडा सीईओ नोएडा एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मथुरा में हेरिटेज सिटी, डाटा सेंटर, मेडिकल डिवाइस पार्क आदि का प्रस्तुतिकरण किया। राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन पर फोकस किया।

**कार्यक्रम में कई अधिकारियों ने लिया हिस्सा:** प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन, स्टार्टअप, कौशल विकास, रिसर्च, ड्रोन और तकनीकी में निवेश की इच्छा जताई।

### उत्तर रेलवे
#### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के दिल्ली मण्डल के मेरठ शहर रेलवे स्टेशन के मुख्य उन्नयन/विकास/पूर्ण विकास के लिए परियोजना प्रबंधन सेवा हेतु प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति। |
| 2. | अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | रुपये 45359276.89/– |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि | 32 माह |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानती राशि | रूपये 376800.00/– |
| 5. | विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 21.11.2024 से 30.12.2024 तक उपलब्ध होंगी। |
| 6. | बोली पूर्व सम्मेलन | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली तथा ऑनलाईन विडियों कॉन्फ्रेंसिंग लिंक के माध्यम द्वारा में दिनांक 02.12.2024 को 12:00 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | पुर्वावलोकन प्रश्नो की प्राप्ति की अंतिम तिथि | 04.12.2024 18:00 बजे तक। |
| 8. | पुर्वावलोकन प्रश्नो का उत्तर | 13.12.2024 18:00 बजे तक। |
| 9. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय | 30.12.2024 को 15:00 बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 16.12.2024 से 30.12.2024 तक www.ireps.gov.in वेब साईट पर अपलोड किए जा सकते है। |
| 10. | ई निविदा खुलने की तिथि और समय | 30.12.2024 को 15:00 बजे। विस्तृत निबिदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

सं0–74–डब्लु/1/2/403/डब्लु.ए./शिवाजी ब्रिज–।। दिनांक : 21.11.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3580/24

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनुज धारीवाल** पुत्र **जामन सिंह** निवासी **गांव अखपुर, थाना सिमबावली,** तहसील **हापुड़, यू.पी.** ने case **FIR No. 1363/2014 U/s 323/341/506 IPC, थाना मधु विहार दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **अनुज धारीवाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनुज धारीवाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 1363/2014 U/s 323/341/506 IPC, थाना मधु विहार दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनुज धारीवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री उदभव कुमार जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04**
**कमरा नं. 13, शाहदरा**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15424/ED/2024(Court Matter)**

## घरेलू हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ और जेंडर समिति के तत्वावधान में बाल विवाह और घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि प्राचार्य विजय यादव एवं महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. पविता यादव ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य ने घरेलू हिंसा की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में दुर्व्यवहारकताओं द्वारा प्रत्येक रिश्ते में नियंत्रण के अनूठे तरीके काम में लिए जा सकते हैं। कुछ रिश्तों में दवाओं की आपूर्ती को रोककर रखना नियंत्रण का एक पैटर्न होता है। कार्यक्रम की मुख्यवक्ता डॉ. नीतू शर्मा ने बताया कि चालाकीपूर्ण व्यवहार, जैसे कि जब कोई रिश्ता समाप्त करना चाहे तो आत्महत्या या स्वघात की धमकी देना भी नियंत्रण के पैटर्न का हिस्सा होता है। एक ऐसी स्थिति में जहां एक अक्षम महिला अपनी सहायता या देखभाल पर निर्भर होती है, वहां उस देखभाल को बंद करना या देखभाल में इस तरह चालाकी बरतना भी शक्ति का अस्वीकार्य उपयोग होता है। शिशुओं को शांत रखने या स्तनपान से रोककर मातृत्व को कमजोर करना, एक प्रकार की घरेलू तथा पारिवारिक हिंसा जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे समाज में अपने अधिकारों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए खड़ी हो सकें। उन्होंने महाविद्यालय के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराने और समाज में समानता की भावना को मजबूत करने में सहायक साबित होते हैं। महिला अध्ययन एवं विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पविता यादव ने कहा कि महिलाओं को समाज में अपने अधिकारों की प्राप्ति और घरेलू हिंसा को खत्म करने के लिए सशक्तिकरण की दिशा में आगे आना चाहिए।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जुम्मा,** पुत्र : श्री शंकर, **पता :** झुग्गी नं.–09, मजबूर नगर कैम्प, पूर्वी दिल्ली ने **कोर्ट मुकदमा सं. 3568/2023** एवं केस **FIR No. 165/2021, U/s 33 IPC, थानाः मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुम्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुम्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **कोर्ट मुकदमा सं. 3568/2023** एवं केस **FIR No. 165/2021, U/s 33 IPC, थानाः मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जुम्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री उद्भव कुमार जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04**
**कमरा नं. 13, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15423/ED/2024**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजीव चौहान,** पुत्र मदन कुमार चौहान, निवासी- मकान नंबर 1551, बी-13, बी ब्लॉक, गोविंदपुरी, दक्षिण पूर्व, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 500/20 धारा 379/356/411/34 भा.द.स थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव चौहान** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव चौहान** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संजीव चौहान, एफ आई आर नंबर 500/20 धारा 379/356/411/34** भा.द.स थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 04.01.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/15141/RD/2024**

### अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) मनीष निषाद** पुत्र माया राम निवासी मकान नं. 10/81, सुभाष नगर, नई दिल्ली **(2) तरुण** पुत्र रमेश कुमार निवासी मकान नं. बी–174, श्याम नगर, नई दिल्ली और **(3) मुकेश उर्फ छोटा** पुत्र राजदेव निवासी मकान नं. डी–26, गली नंबर 2, श्याम नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 408/2018 धारा 392/411/34 भा.द.स., थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) मनीष निषाद (2) तरुण** और **(3) मुकेश उर्फ छोटा** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) मनीष निषाद (2) तरुण** और **(3) मुकेश उर्फ छोटा**फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 408/2018 धारा 392/411/34 भा.द.स., थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **(1) मनीष निषाद (2) तरुण** और **(3) मुकेश उर्फ छोटा**से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **14.01.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री शशांक नन्दन भट्ट,**
**न्यायकि दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (पश्चिम)**
**कमरा नंबर 356, तीसरा तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15402/WD/2024**

### उत्तर रेलवे
**TENDER NOTICE**
ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 101, 102-2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **101)** एनएनओ, बीजीजेड, केआरजेड, आरओके, केजेडएच, जेएनए, जेजेटी, केआईयू, बीएसपीएच, जेएचआई, बीजेडओ, डीएचवाई, यूसीए, जीएसओ, एनआरडब्ल्यू, जेएचएल, जेसीवाई, पीपीडीई और डीएन लूप लाइन नंबर 1 के टीआरआर की लूप लाइनों का सीटीआर, एमएयूआर में टीयूएन, बीएलजेड, बीआरजेड और लूप लाइन नंबर 7 पर गुड्स साइडिंग, एमएएसके और एमएयूआर में यूपी लूप लाइन नंबर 4, डेन-IV के खंड में 60 किग्रा रेल के साथ **कार्य की समान प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग, ट्रैक को डी–स्ट्रेस करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैम्पिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग और टी–28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| | | **102)** लूप लाइनों के सीटीआर के साथ डीईएन-IV सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों पर ट्रैक में पत्थर गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और डालना। **कार्य की समान प्रकृतिः** रेलवे/राजमार्ग/सड़कों के लिए मशीन से कुचले गए पत्थर गिट्टी की आपूर्ति। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत रुपये | **101)** रुपये 106502278.21 **102)** रुपये 22740943.20 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **101)** रुपये 682500.00 **102)** रुपये 263700.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **101)** 12 महीने **102)** 06 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 17.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 17.12.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलबध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/101,102 Date 21.11.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3579/24

### उत्तर रेलवे
#### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | स्टोर्स डिपो, जेयूडीडब्ल्यू की लाइटिंग और वायरिंग व्यवस्था को मॉडल डिपो के रूप में विकसित किया जाएगा। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 13.12.2024 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 21.11.2024 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 44,69,586/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 89,400/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 90 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 29.11.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 13.12.2024 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट/24–25/टी/16/मॉडल डिपो 3582/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### ई. निविदा
**खुली निविदा संख्या 43–अम्बाला/2024–25 दिनांक 21/11/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/आरपीजे के अनुभाग में संपर्क सड़कों (केएनएन, यूबीसी, डीओए और अन्य रेलवे कॉलोनियों और अन्य स्थानों), खराब पानी के पाइप (केएनएन पर ई–34, 36, 37 और 39, एसडीवाइ पर जी–56, एस–2, टी–2, 15 और 16, डीओए पर ई–2 से 4 और 13 और अन्य रेलवे कॉलोनियों और अन्य स्थानों पर) की मरम्मत। | 51,48,124 | 1,03,000 | 06 महीने | 16.12.2024 |
| 2 | ADEN/SML के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केएलके के अनुभाग में 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन–बी के तहत कालका (छोड़कर) से सोलन (सहित) तक स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी और पेंटिंग. | 34,99,999 | 70,000 | 10 महीने | 16.12.2024 |

नोटः 1. ठेकेदार को शर्तो के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 3584/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
#### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e–निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | घरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली डिवीजन पर समूह 'ए' मार्गों पर ट्रैक आधारित गेज फेस रेल स्नेहक की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्षों के हेतु कार्य/ निविदा संख्या 23–वर्क्स समन्व–24–25) | रू. 5,66,31,182.40 | रू. 4,33,200.00 | 60 माह | 17.12.2024 |
| 2 | दिल्ली डिवीजन पर समूह 'बी' मार्गों पर ट्रैक आधारित गेज फेस रेल स्नेहक की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन (5 वर्षों के हेतु कार्य/ (निविदा संख्या–25–वर्क्स समन्व–24–25) | रू. 6,96,99,916.80 | रू. 4,98,500.00 | 60 माह | 17.12.2024 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 17.12.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। पत्र सं.–128–डब्ल्यु/व.म.अधि./सं./निविदा–23 और 25–24–25–डब्ल्यु सी दिनांक–22.11.2024 3603/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## Change of Name

I PUSHPENDER LAKHIA S/O SH. CHHOTE LAL R/O E-466, JAHANGIR PURI, DELHI-110033. That DHRUV LAKHIA is my real SON and his/her correct and actual date of birth is 10.11.2010.3. That the 2 names (1) DHRUV LAKHIA and (2) DHURUV LAKHIA are the names of my own real son (2 or more then 2 names of a same and single person) and according to his own AADHAAR CARD NO.2863 0699 2452 his correct and actual name has been recorded as DHRUV LAKHIA and I want to rectify his wrongly recorded name with his correct name i.e. DHRUV LAKHIA in his concerned school records .He is presently studying in Class 9TH Sec. A in SARVODAYA BAAL VIDYALAYA SU-BLOCK, PITAM PURA, DELHI-110033.

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजु सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति के हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# केजरीवाल ने लॉन्च किया रेवड़ी पर चर्चा कैंपेन

## आप फ्री की छह रेवड़ियां देती है', आम आदमी पार्टी पूरी दिल्ली में फ्री की रेवड़ी पर चर्चा करेगी

**चुनावी रण**

**अभियान का आगाज कर रहे हैं। इस अभियान के तहत दिल्ली में 65,000 बैठकें की जायेंगी**






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी युद्ध स्तर पर काम कर रही है। चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने नया अभियान शुरू किया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनावी अभियान का आगाज किया। केजरीवाल ने रेवड़ी पर चर्चा कैंपेन को लॉन्च किया। आम आदमी पार्टी पूरी दिल्ली में फ्री की रेवड़ी पर चर्चा करेगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज से हम 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान का आगाज कर रहे हैं। इस अभियान के तहत दिल्ली में 65,000 बैठकें की जायेंगी। इन बैठकों में हमारे पदाधिकारी जनता के बीच में जाएंगे और उनको बताएंगे कि आम आदमी पार्टी की सरकार जनता को उनके ही पैसे से मुफ्त की 6 रेवड़ियां दे रही है और अगर भाजपा यहां आ गई तो यह बंद हो जाएंगी। केजरीवाल ने कहा कि आप सच्चाई के रास्ते पर चल रही है। लड़ाई बहुत मुश्किल है। पिछले दो साल के अंदर आप से जो झेला है ऐसा किसी पार्टी के ऊपर इतना जबरदस्त वार नहीं हुआ होगा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा कहती है कि आप मुफ्त की रेवड़ी देती है। उन्होंने कहा, हां आप फ्री की छह रेवड़ियां देती है। भाजपा की 20 राज्यों में सरकार है, लेकिन वो एक भी राज्य बता दें जहां इनमें से एक भी रेवड़ी मिलता हो। पहली रेवड़ी है कि 24 घंटे बिजली आना। फ्री बिजली। दूसरी पानी फ्री कर दिया। तीसरी स्कूल अच्छे कर दिए। चौथी इलाज मुफ्त कर दिया। पांचवीं रेवड़ी महिलाओं की फ्री बस यात्रा है। छठी रेवड़ी तीर्थयात्रा है। सातवी रेवड़ी आने वाली है। महिलाओं के खाते में 1000 रुपये। भाजपा वाले ये नहीं देंगे। मैं जो बोलता हूं वो करता हूं। यह अभियान 25 नवंबर से शुरू होगा और 10 दिसंबर तक चलेगा।

### भाजपा कल्याण के लिए शुरू की जा रही सभी योजनाओं के खिलाफ है: संजय



आप नेता संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के लोगों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी की सुविधा दी लेकिन भाजपा ने इसका विरोध किया। हमने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी, मोहल्ला क्लीनिक शुरू किया। भाजपा ने इसका भी विरोध किए। भाजपा दिल्ली के लोगों के कल्याण के लिए शुरू की जा रही सभी योजनाओं के खिलाफ है। इसलिए, अब हम लोगों के बीच जाएंगे और उन्हें भरोसा दिलाएंगे कि केजरीवाल की 'रेवड़ी' चलती रहेगी और कोई भी बीजेपी वाला चाहे जितना रोकने की कोशिश करे, वो सफल नहीं होगा।

**दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप के 11 उम्मीदवार घोषित :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी ने 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक में इस पर फैसला लिया गया। विधायकों के खिलाफ लोगों की नाराजगी को भांपते हुए तीन मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। वहीं, पिछले दिनों कांग्रेस व भाजपा से आप में शामिल होने वाले छह नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया है।

दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने बताया कि छतरपुर, बदरपुर, लक्ष्मी नगर, सीलमपुर, सीमापुरी, रोहतास नगर, घोंडा, विश्वास नगर, करावल नगर, किराड़ी व मटियाला विधानसभा सीटों से प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। पार्टी सर्वे और क्षेत्र में लोगों के फीडबैक के आधार पर प्रत्याशियों का चयन कर रही है। इसी प्रक्रिया के तहत 11 विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों का चयन किया गया है। जो लिस्ट आई है, उसमें से आठ विधानसभा क्षेत्रों में अभी आप के विधायक नहीं हैं। इन क्षेत्रों में आप के चुनावी अभियान को मजबूती देने के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिए गए हैं।

वरिष्ठ नेता गोपाल राय का दावा है कि दिल्ली के लोगों को यकीन है कि दिल्ली में काम आप व अरविंद केजरीवाल ही कर सकते हैं। यह धारणा पूरे दिल्ली के अंदर धीरे-धीरे काफी मजबूत हुई है। इससे भरोसा बना है कि दिल्ली चुनाव में केजरीवाल के नेतृत्व में फिर से आप की सरकार बनेगी

# केंद्र की योजनाओं को दिल्ली में लागू नहीं कर रही राज्य सरकार: सचदेवा

**ओछी राजनीति**

**केंद्र सरकार की योजनाएं समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अनूठा योगदान है : वीरेंद्र सचदेवा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज यहां एक बयान में कहा कि केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में कार्य कर रही है। केंद्र सरकार की योजनाएं समाज को आगे बढ़ाने के लिए एक अनूठा योगदान है। केंद्र सरकार चाहती है कि इन योजनाओं का लाभ सभी को मिले। लेकिन दिल्ली की जनता को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर आरोप लगाया कि आआपा सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को दिल्ली में लागू नहीं होने दे रही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर एक वीडियो में कहा कि केंद्र सरकार ने पूरे देश में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की पर दिल्ली की भ्रष्टाचारी आम आदमी पार्टी की सरकार अपनी ओछी राजनीति के चलते इन योजनाओं को दिल्ली में लागू नहीं होने देती। आम आदमी पार्टी की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना जन-धन योजना और जीतनी योजनाएं हैं किसी को भी दिल्ली में लागू नहीं होने दे रही। सचदेवा ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में लोगों को स्वच्छ पानी तक पीने को नहीं मिल रहा और केजरीवाल प्रदेश में फ्री बिजली बिल और पानी की बात करते हैं।

उन्होंने कहा कि गत वर्षों में सरकारी आकड़ों की बात करें तो 21 हजार लोग गंदे पानी पीने की वजह से बीमार पड़े।

## टमाटर की खुदरा कीमतों पर नियंत्रण के लिए 28 इनोवेटर्स को फंडिंग किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने टमाटर की खुदरा कीमतों में तीव्र उतार-चढ़ाव से निपटने, आपूर्ति श्रृंखला और प्रसंस्करण स्तर में सुधार के लिए आयोजित 'हैकाथॉन' के तहत टमाटर से शराब बनाने सहित 28 नए विचारों का चयन और वित्तपोषण किया है। इस वित्तपोषण से इन स्टार्टअप को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। लिए पिछले साल जून में टमाटर ग्रैंड चैलेंज (टीजीसी) हैकाथॉन शुरू किया गया था।

## विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार की 'शिक्षा क्रांति' की खोली पोल





**गंभीर आरोप**

**बिल्डिंगें बनवाती है और फिर निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार करके लावारिस हालत में छोड़ देती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार की तथाकथित 'विश्व स्तरीय शिक्षा क्रांति' की पोल खोलते हुए कहा कि यह सरकार बड़े जोर-जोर से घोषणाएं करती है, नए-नए स्कूल खोलने के लिए बिल्डिंगें बनवाती है और फिर निर्माण के नाम पर भ्रष्टाचार करके इन बिल्डिंगों को लावारिस हालत में छोड़ देती है।

आआपा सरकार का एकमात्र लक्ष्य 'निर्माण से पैसे कमाना' रह गया है। गुप्ता ने आज बवाना विधानसभा के दरियापुर कला गांव में 45 करोड़ रुपये से नवनिर्मित 'स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस' की बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया और पाया कि दो साल पहले बनी बिल्डिंग आज धूल चाट रही है। उसमें एक भी छात्र का न तो एडमिशन हुआ और न ही स्कूल के लिए स्टाफ रखा गया। बिल्डिंग को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया।

बिल्डिंग के निर्माण के माध्यम से भ्रष्टाचार के पैसे की बंदरबाट हुई। गुप्ता ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर इस मामले की गहन जांच करवाने की मांग की है। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि 2013 में इस परिसर में लड़कियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक स्कूल बिल्डिंग बनाई गई, जिसमें न तो कोई एडमिशन हुआ और न ही कोई पढ़ाई हुई। यह बिल्डिंग अब खंडहर हो गई है। फिर पांच साल बाद 2018 में इसी परिसर में स्कूल के नाम पर एक दूसरी बिल्डिंग बनाई गई, जिसमें कन्या विद्यालय खोला गया और जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक द्वारा किया गया। कुछ समय तक यह कन्या विद्यालय चलता रहा लेकिन सरकार के हाथ खींचने के बाद यह भी इतिहास के पन्नों में समा गया।

# बीच बचाव करने गए युवक की हत्या




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समयपुर बादली में** पड़ोसी से अपने भाई को बचाने पहुंचे युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त लल्लन (35) के रूप में हुई है। पड़ोसी युवक अपने दो भाइयों के साथ वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की और कुछ ही घंटे बाद ही मुख्य आरोपी को पास के अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके एक भाई को पार्क से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के फरार एक अन्य भाई की तलाश कर रही है। बादली के सूरज पार्क के जेजे कैंप में रहने वाला लल्लन सफाई का काम करता था। करीब 10.23 बजे पुलिस को समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या दो के पास झगड़ा और एक शख्स को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि घायल लल्लन को उसके परिवार वाले अंबेडकर अस्पताल लेकर गए हैं। वहां डॉक्टरों ने लल्लन को मृत घोषित कर दिया।

# एलजी ने 702 नए कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए




**सौगात**

**दिल्ली सरकार के विभागों और स्थानीय निकायों में लगभग 22,000 स्थायी सरकारी नियुक्तियां की गई हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों और नगर निकायों में नियुक्त 702 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। 702 नियुक्तियों में से 232 नियुक्तियां स्वास्थ्य विभाग में, 200 शिक्षा विभाग में, 119 योजना विभाग में, और 88 प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में की गई हैं। इसके अतिरिक्त, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) में भी नियुक्तियां की गई हैं। ये भर्तियां लंबे समय से रिक्त पदों को भरेंगी और इन विभागों के कार्यक्षमता में सुधार लाएंगी। नियुक्त किए गए कर्मचारियों में महिलाएं, दिव्यांगजन और आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवार भी शामिल हैं, जिन्हें आरक्षण के निर्धारित नियमों के अनुसार चयनित किया गया है। स्थायी नियुक्ति पत्रों का वितरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि मई 2022 में पदभार संभालने के बाद से ही उपराज्यपाल सक्सेना ने सरकारी विभागों में अनुबंध और अस्थायी नियुक्तियों की बजाय स्थायी भर्तियों पर जोर देते आ रहे हैं। पिछले दो वर्षों में उनकी पहल पर डीएसएसएसबी और यूपीएससी द्वारा लगभग 22,000 स्थायी नियुक्तियां की गई हैं। आज का यह कार्यक्रम पिछले दो वर्षों में आयोजित छठा ऐसा आयोजन है। इस अवसर पर बोलते हुए, सक्सेना ने सभी नए नियुक्त कर्मचारियों को बधाई दी और समाज की भलाई के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी केवल आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का एक अवसर भी है। माननीय उपराज्यपाल ने यह भी कहा कि ये स्थायी नियुक्तियां माननीय प्रधानमंत्री के शासन में कर्मचारियों द्वारा पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करने को दर्शाती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारी विभागों में स्थायी रोजगार जिम्मेदारी और जवाबदेही लेकर आता है, जो 2047 तक विकसित भारत के माननीय प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। सक्सेना ने कहा कि अनुबंध और अस्थाई नियुक्तियों में नौकरी की सुरक्षा का अभाव होता है, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# शब्बीर की ई-मुलाकात की अनुमति देने की मांग पर एनआईए को नोटिस



**नोटिस**

**शाह ने टेलीफोन पर बात करने के लिए जांच एजेंसी के अनापत्ति प्रमाण पत्र की जरूरत का प्रावधान किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने टेरर फंडिंग के आरोपित और कश्मीर के अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की तिहाड़ जेल में टेलीफोन से बात करने और ई-मुलाकात की अनुमति देने की मांग पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया। शब्बीर शाह ने याचिका दायर कर उस सर्कुलर को चुनौती दी है जिसमें ई-मुलाकात और टेलीफोन पर बात करने के लिए जांच एजेंसी के अनापत्ति प्रमाण पत्र की जरूरत का प्रावधान किया गया है। इस सर्कुलर की वजह से शब्बीर शाह किसी से न तो टेलीफोन पर बात कर पा रहा है और न ही ई-मुलाकात की अनुमति दी जा रही है। शब्बीर शाह पर टेरर फंडिंग का मामला भी चल रहा है जिसमें वो न्यायिक हिरासत में है।

पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत आलम, रशीद इंजीनियर, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट उर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

## जमानत शर्तों में ढील देने की सिसोदिया की याचिका पर मांगा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत की शर्तों में ढील देने की मांग करने वाली याचिका पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से दी गयी जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग की है जिसमें सिसोदिया को हर सोमवार और गुरुवार को सीबीआई और ईडी के दफ्तर जाकर हाजिरी लगानी होती है।

# एनजीटी ने जल बोर्ड और निगम पर लगाया जुर्माना




**सख्ती**

**डीजेबी यमुना नदी में मिलने वाले बरसाती पानी के नालों में सीवेज के बहाव को रोकने में विफल रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) पर 50 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया। अदालत ने पाया कि डीजेबी यमुना नदी में मिलने वाले बरसाती पानी के नालों में सीवेज के बहाव को रोकने में विफल रहा है। कहा कि एमसीडी ने दक्षिण दिल्ली में बरसाती पानी के नाले की स्थितियों और कार्यात्मक प्रभावकारिता को बदलने के लिए अपने अधिकार क्षेत्र से परे काम किया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है जहां यमुना नदी में जाने वाले नालों में सीवेज के बहाव को रोकने में डीजेबी की ओर से विफलता को पहली बार देखा गया हो। पूर्व आदेशों से स्पष्ट है कि बार-बार निर्देश जारी किए गए। समय दिया गया, लेकिन सभी प्रयास विफल रहे। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल व विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद भी शामिल थे।

**डीजेबी अपने वैधानिक कार्य के निर्वहन में विफल रहा**
आदेश में कहा गया है कि आदर्श रूप से तूफानी पानी को उसके डिजाइन किए गए प्राकृतिक जल निकासी प्रणाली के माध्यम से और सीवेज को सीवरेज नेटवर्क के माध्यम से प्रवाहित करना चाहिए। नदी में फेंकने से पहले एसटीपी में उपचारित किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि वर्षा जल नालियों में कच्चे सीवेज के कारण गंभीर जल प्रदूषण होता है। डीजेबी अपने वैधानिक कार्य के निर्वहन में विफल रहा है।

# आंखें खराब कर रहा है प्रदूषण, मोतियाबिंद से अंधेपन तक का खतरा: नेत्र विशेषज्ञ



**चेतावनी**

**खुली आंखों से एक या दो घंटे के लिए भी बाहर रहता है तो उसे आंखों में जलन, लालपन हो जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की दमघोंटू हवा खांसी, गले में दर्द और पुराने मरीजों को तकलीफ तो दे ही रही है, इसका खासा असर आंखों पर भी हो रहा है। इसमें उपस्थित महीन कण इस कदर पुतलियों पर चिपकते हैं कि ये आसानी से छूटते नहीं हैं और धीरे-धीरे लोगों में मोतियाबिंद से लेकर अंधापन तक के हालात पैदा कर सकते हैं। बीते 10 साल से स्वच्छता अभियान को लेकर दिल्ली नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. रूबी मखीजा ने बताया कि दिल्ली में एक्यूआई का स्तर जानलेवा है। इसमें अगर कोई भी व्यक्ति खुली आंखों से एक या दो घंटे के लिए भी बाहर रहता है तो उसे आंखों में जलन, लालपन, पानी आना या फिर खुजली होने जैसी परेशानी होने लगती है। यह इसलिए क्योंकि हवा में पीएम 2.5 और उससे भी महीन कण तैर रहे हैं जो सांस के जरिए शरीर में तो पहुंच रहे हैं लेकिन यह आंखों की सतह पर भी जा रहे हैं। डॉ. मखीजा ने बताया कि दिल्ली में पिछले कुछ साल में प्रदूषण की वजह से नेत्र रोग ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

**कार्नियल रोगों में तेजी से इजाफा**
प्रदूषण की वजह से कार्नियल रोगों में काफी तेजी से इजाफा हुआ है। वह बताती हैं कि मोतियाबिंद के साथ साथ ग्लूकोमा, रेटिना और मैक्युलर डिजनरेशन तक के मामले देखने को मिल रहे हैं। यह एक ऐसा रोग है जो मरीज की केंद्रीय दृष्टि को प्रभावित करता है। इसका मतलब है कि मैक्युलर डिजनरेशन से पीड़ित लोग अपने सामने की चीजों को सीधे नहीं देख पाते हैं। यह आम उम्र से संबंधित आंख की स्थिति अधिकांश 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में होती है लेकिन दिल्ली और एनसीआर के शहरों में इससे कम उम्र के मरीज भी देखे जा रहे हैं। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉ. मनोहर बताते हैं कि हम सभी के लिए यह समय काफी चेतावनी भरा है। अभी तक अलग अलग अध्ययनों में यह साबित हुआ है कि वायु प्रदूषण आपकी आंखों को नुकसान पहुंचा सकता है। एम्स के हालिया अध्ययन में पता चला है कि दिल्ली और एनसीआर की हवा में पीएम 2.5 से भी छोटे कण हैं जो विभिन्न जहरीले रसायनों से भरे हुए हैं। जब यह हमारी आंखों के संपर्क में आते हैं तो पुतली की बाहरी और भीतरी सतह पर चिपकने लगते हैं और धीरे धीरे यह अपना प्रभाव दिखाने लगते हैं।

**दो से तीन घंटे बंद रखें लैपटॉप**
दिल्ली एम्स के डॉ. मनोहर का कहना है कि प्रदूषण के बीच अगर किसी को ऑफिस का काम करते समय आंखों में खुजली, पानी आना या जलन का एहसास हो रहा है तो कम से कम दो से तीन घंटे के लिए अपना लैपटॉप या फिर कंप्यूटर बंद रखें। बार बार थोड़ा पानी का सेवन करते रहें जिससे शरीर डिहाइड्रेशन से बचेगा। घर से बाहर निकलते समय आंखों पर चश्मा जरूर पहनें और एक्यूआई का स्तर अधिक होने पर घर में ही रहने का प्रयास करें।

# दहली दिल्ली: नर्सिंग अटेंडेंट से कई बार दरिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के प्रेम नगर इलाके में एक नर्सिंग अटेंडेंट को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित महिला अपने पति और बेटे के साथ प्रेम नगर इलाके में रहती है। वह नर्सिंग अटेंडेंट का काम करती है। वह अस्पताल के साथ साथ घरों में जाकर मरीजों को देखभाल करती है। करीब 6 माह पहले मधुबन चौक बस स्टैंड पर वह लोगों को अपना विजिटिंग कार्ड दे रही थी। इसी दौरान एक शख्स मिला। वह उससे काम के बारे में जानकारी लेने लगा। उसने पीड़िता से कई कार्ड लिए और कहा कि वह अपने परिचितों को कार्ड देगा। एक दिन पीड़िता के पास युवक का फोन आया। उसने काम दिलवाने की बात कहकर पीड़िता को सुल्तानपुरी स्थित जलेबी चौक पर बुलाया। जहां से युवक उसे एक मकान में ले गया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

# बढ़ते प्रदूषण को देख डीएम का नया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिले के सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों के खुलने व बंद होने का समय शुक्रवार से बदल गया। इस संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने पत्र जारी किया है। उन्होंने संबंधित विभागों के अफसरों व कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

**वायु प्रदूषण की वजह से ग्रेप-4 लागू किया गया**

एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण की वजह से ग्रेप-4 लागू किया गया है। इसके चलते जिलाधिकारी ने कुछ सरकारी कार्यालयों के खुलने व बंद होने के समय में बदलाव किया है। उनकी तरफ से जारी पत्र में फिलहाल जिले की सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों के ही खुलने व बंद होने का समय बदला गया है।

इसके तहत अब पालिका व पंचायतों के दफ्तर सुबह 10 बजे से 5 बजे के स्थान पर 8.30 बजे खुलेंगे और शाम को 4.30 बजे बंद होंगे।

यह नियम कार्यालय में शुक्रवार से लागू किया गया वहीं, चारों प्राधिकरण के खुलने व बंद होने का समय पूर्ववत यानी सुबह 9 से शाम छह बजे तक रहेगा। इसी तरह राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले अन्य सभी कार्यालय भी पूर्व निर्धारित समय यानी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुलेंगे। जिले में बदला समय नगर पालिका दादरी, नगर पंचायत बिलासपुर, रबूपुरा, जेवर, दनकौर व जहांगीरपुर कार्यालय में शुक्रवार से लागू कर दिया गया।

निजी कार्यालयों पर आदेश लागू नहीं जिलाधिकारी ने फिलहाल सिर्फ नगर पालिका और नगर पंचायतों के कार्यालयों के खुलने के समय में बदलाव किया है। इसके अलावा अधिकतर कार्यालय पूर्व निर्धारित समय से ही खुलेंगे। इसके अलावा निजी कंपनियों के कार्यालयों के खुलने व बंद होने के समय में बदलाव को लेकर कोई निर्देश नहीं दिए हैं। बढ़े वायु प्रदूषण को रोकने कई नियम हैं बदले एनसीआर में ग्रेप-4 लागू होने से शैक्षणिक संस्थानों व निर्माण कार्यों को लेकर कई नियम जिलाधिकारी ने पूर्व में ही बदल दिए थे।

# चाकू से सीने पर किए वार, युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र में बृस्पतिवार रात गाली देने से मना करने पर एक युवक के सीने में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी आरोपित को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटाई। अस्पताल में युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

मेरठ रोड स्थित भट्टा नंबर पांच क्षेत्र में नूर शांति नगर इलाके में बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित गांव दुबहा निवासी महेश कुमार (28 वर्ष) मोरटा स्थित ट्रांसपोर्टर के यहां गाड़ी चलाते थे।

महेश के छोटे भाई रमेश के मुताबिक, बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने भाई के साथ घर के पास बैठे हुए आग पर हाथ सेंक रहे थे। वहां पड़ोस के दो युवक भी आकर बैठ गए। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले सौरभ के यहां रूपेश महतो मिलने आया था। दोनों में रुपयों के विवाद में गाली-गलौच होने लगी। महेश ने गाली देने से मना किया, लेकिन आरोपित ने विरोध करते हुए चाकू निकालकर महेश के सीने पर दो बार वार कर दिए।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04245038 | एंटी वियर हाइड्रोलिक आयल (एच एल पी 68 एन टाइप) | 69720 लीटर | 18-12-24 |
| 02 | 08241529 | प्रोक्यूरेमेंट ऑफ स्टील वायर रोप | 152000 मीटर | 18-12-24 |
| 03 | 07240029 | साइलेंट ब्लॉक फॉर एंकर लिंक | 10492 नग | 23-12-24 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 74/2024-2025 दिनांक 22.11.2024 3594/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगिल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-18-2024-25 |
|---|---|
| कार्य का नाम | "इंटरलॉकिंग ऑफ एल0सी0 गेट्स हैविंग टी0वी0यू0 ग्रेटर दैन 30000 इन LKO-SLN-ZBD-BSB-MGS सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीज़न ऑफ नॉर्थन रेलवे।" |
| अनुमानित लागत | रु.41927436.05 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु.359600.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 720 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.12.2024 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहॉं निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

- ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
- समस्त नियम एवं शर्तों निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेंमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं. 106-सिग/टेंडर/18/2024-25 दिनांक : 22.11.2024 3605/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गोद से 10 माह का बच्चा छूटते ही मां की अटक गई सांसें और फिर...

**टीम एक्शन इंडिया**

**साहिबाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद में एक हैरान करने वाली घटना हुई है। मॉल में एक 10 माह का बच्चा एक मंजिल से दूसरी मंजिल पर गिर गया। हालांकि, बच्चे बाल-बाल जान बच गई।

उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। अभी इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। गाजियाबाद के साहिबाबाद में कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली स्थित महागुन मॉल में बृहस्पतिवार शाम को दूसरे तल पर एस्केलेटर पर चढ़ने के दौरान मां की गोद से 10 माह का बच्चा नीचे कियोस्क पर गिर गया। बताया गया कि हादसे में बच्चा बाल-बाल बच गया। दंपती बच्चे को लेकर अस्पताल गए। पुलिस ने सूचना पर मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर जांच की।

**जन्मदिन के लिए कपड़े खरीदने गया था परिवार**

पुलिस के मुताबिक, अभय खंड प्रथम के आनंद सिंह पत्नी और दो बच्चों के साथ रहते हैं। बृहस्पतिवार को परिवार के साथ चार साल की बेटी के जन्मदिन के लिए कपड़े खरीदने महागुन मॉल गए थे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

**जी.ई.एम. पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| GEM ID No. | GEM-Bid No. GEM/2024/B/5541808, 5579732, 5579713 & 5578901 |
|---|---|
| काम का नाम (स्थान के साथ) | 1. एसएसई/डब्ल्यू/डीईई, एसएसई/डब्ल्यू/जीजीएन, एसएसई/डब्ल्यू/एल/एचएनजेडएम, एसएसई/डब्ल्यू/एम/टीकेडी, एसएसई/डब्ल्यू/के अनुभाग में सेवा भवन और कर्मचारी क्वार्टरों की रहने योग्य स्थिति प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग एफडीबी, एसएसई/डब्ल्यू/ई/टीकेडी, एसएसई/डब्ल्यू/एचएनजेडएम एसटीएन। एवं एसएसई/डब्ल्यू/डीईई एसटीएन। एडीईएन/डीईई, एचएनजेडएम और टीकेडी के तहत का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए कारीगर/माली और सहायक खल्लासी आदि की जनशक्ति आपूर्ति से जुड़ा कोई भी कार्य। |
| | 2. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली तुगलकाबाद के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| | 3. सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| | 4. सहायक मंडल अभियंता/हज़रत निज़ामुद्दीन के अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए दैनिक रखरखाव कार्य के लिए पी.वे. सामग्री, विविध के नेतृत्व के लिए मल्टीयूटिलिटी वाहनों और ट्रकों को किराए पर लेना का कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** कोई इंजीनियरिंग कार्य या परिवहन कार्य। |
| काम की अनुमानित लागत (₹) | 1. ₹4,13,23,520.03 2. ₹1,18,83,135.88 3. ₹1,16,62,894.87 4. ₹72,70,870.04 |
| अग्रिम राशि (₹) | 1. ₹3,56,600/- 2. ₹2,09,400/- 3. ₹2,08,300/- 4. ₹1,45,400/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 1. 12 Months 2. 24 Months 3. 24 Months 4. 24 Months |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 13.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 13.12.2024 को 15:30 बजे निविदा खुलना है। |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा जी.ई.एम. वेबसाइट अर्थात् www.gem.gov.in पर उपलब्ध है |

सं.: GEM-Bid No. GEM/2024/B/5541808, 5579732, 5579713 & 5578901 दिनांक: 20.11.2024 3590/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस-।। का कार्यालय
## उत्तर-पश्चिम जिलाः अशोक विहार, दिल्ली

कार्यालय नं.: 011-27454825, ई-मेल आईडी : soadcp2nwd@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि उत्तर-पश्चिम जिला (**सुभाष प्लेस, जहांगीर पुरी, आदर्श नगर, मॉडल टाउन और मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन**) के स्टॉफ द्वारा विभिन्न मेक/मॉडल के निम्नलिखित लावारिस मोटर वाहनों को धारा 66 डीपी अधिनियम, 1978 के तहत जब्त किया गया है। यदि किसी व्यक्ति का इन वाहनों पर कोई दावा है तो वह उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाकर इसे अपने पक्ष में जारी कराने के लिए सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ छह माह के भीतर संबंधित पुलिस स्टेशन में संपर्क कर सकता है। ऐसा न होने पर लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु आगे की कार्यवाही विधिक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी।

| क्र. सं. | पुलिस स्टेशन | रजिस्ट्रेशन नं. | इंजन नं. | चेसिस नं. | वाहन का प्रकार | मॉडल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुभाष प्लेस | DL 5BW 5205 | 98292 | 42568 | मोटर साईकिल | स्पेलेन्डर |
| 2 | सुभाष प्लेस | DL 4SCC 4786 | 81596 | 71550 | स्कूटी | एक्टिवा |
| 3 | सुभाष प्लेस | DL 11G 8549 | 41929 | 41716 | स्कूटी | एक्टिवा |
| 4 | सुभाष प्लेस | DL 7SCC 1397 | 83434 | 31184 | स्कूटी | जुपिटर |
| 5 | सुभाष प्लेस | DL 11SL 3127 | 31990 | 30902 | स्कूटी | एक्टिवा |
| 6 | सुभाष प्लेस | DL 9SZ 7749 | 554 | 542 | मोटर साईकिल | करिज़मा |
| 7 | सुभाष प्लेस | DL 8SBR 4799 | 76352 | 3137 | स्कूटी | एसिस |
| 8 | सुभाष प्लेस | DL 10SR 9299 | 6713 | 6706 | स्कूटी | स्कूटर |
| 9 | सुभाष प्लेस | DL 8BK 1038 | 52227 | 53095 | स्कूटी | एक्टिवा |
| 10 | सुभाष प्लेस | DL 11SV 9904 | 67687 | 45450 | स्कूटी | जुपिटर |
| 11 | जहांगीर पुरी | DL 3SEQ 9280 | 04488 | 08432 | टू व्हीलर | -. |
| 12 | जहांगीर पुरी | DL 8SDS 0691 | 62210 | 63257 | स्कूटी | एक्टिवा |
| 13 | जहांगीर पुरी | DL 8SAT 7668 | 02061 | 02052 | मोटर साईकिल | एफजेड |
| 14 | आदर्श नगर | DL 8CW 5755 | 85514 | 87893 | कार | आई10 |
| 15 | आदर्श नगर | DL 8SAB 3248 | 72065 | 29140 | टू व्हीलर | - |
| 16 | मॉडल टाउन | DL 11M 0293 | 05895 | 05870 | टू व्हीलर | - |
| 17 | मॉडल टाउन | DL 6SAX 8304 | 07032 | 07012 | मोटर साईकिल | हीरो |
| 18 | मुखर्जी नगर | DL 1SAF 5239 | 14021 | 14494 | मोटर साईकिल | Ntor Q125 |
| 19 | मुखर्जी नगर | DL 6SAX 9044 | 15609 | 15560 | स्कूटी | एक्टिवा |
| 20 | मुखर्जी नगर | HR 7P 5284 | 00041 | 00005 | मोटर साईकिल | करिज़मा |
| 21 | मुखर्जी नगर | DL 14SG 3833 | 57777 | 16389 | मोटर साईकिल | स्पेलेन्डर |
| 22 | मुखर्जी नगर | HR 60L 8906 | 00704 | 01235 | स्कूटी | डेस्टिनी |
| 23 | मुखर्जी नगर | DL 8SBU 2067 | 12991 | 09170 | स्कूटी | मस्सट्रो |

हस्ता./-
अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस-।।
उत्तर-पश्चिम जिलाः दिल्ली

DP/9729/NW/2024



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परवीन मलिक पुत्र कुलदीप सिंह पताः स्वर्ण पार्क मुंडका दिल्ली और चावला कॉलोनी निकट डबल फाटक के पास रोहतक हरियाणा और महराणा गांव खिलोद पन्ना जिलाः रोहतक हरियाणा ने एफआईआर संख्या 516/2018 धारा 376/506 भा.द.स. के तहत** थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **परवीन मलिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **परवीन मलिक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 516/2018 धारा 376/506 भा.द.स. के तहत थानाः मुखर्जी नगर, दिल्ली के उक्त परवीन मलिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विप्लब दबास
एएसजे (एफटीसी)
नार्थ कमरा नं.204,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15417/NW/2024



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **महफुज अली उर्फ दिलबर, पुत्रः राजी आलम अली, निवासीः झुग्गी नं. 947, राखी मार्केट, जखीरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.73/2020 U/s 324 IPC** के तहत एक मामला **थाना मोती नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **महफुज अली उर्फ दिलबर** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **महफुज अली उर्फ दिलबर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **महफुज अली उर्फ दिलबर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुकृति सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04 (पश्चिम)
कमरा नं. 268
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15313/WD/2024



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितीन उर्फ नीटू** पुत्र **कवंर पाल** निवास **यू-559, मंगोलपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 509/2011 U/s 457/380/411/34 IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नितीन उर्फ नीटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नितीन उर्फ नीटू** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि case **FIR No. 509/2011 U/s 457/380/411/34 IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नितीन उर्फ नीटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका कंसल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-07
कमरा नं. 208, द्वितीय तल, उत्तर-पश्चिम जिला
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15487/NW/2024(Court Matter)



## अतिरिक्त उपायुक्त पुलिस-।। का कार्यालय
## उत्तर-पश्चिम जिलाः अशोक विहार, दिल्ली

कार्यालय नं.: 011-27454825, ई-मेल आईडी soadcp2nwd@gmail-com

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि उत्तर-पश्चिम जिला (**भारत नगर, सुभाष प्लेस, मौर्या एन्क्लेव, जहांगीर पुरी, आदर्श नगर और मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन**) के स्टॉफ द्वारा विभिन्न मेक/मॉडल के निम्नलिखित लावारिस मोटर वाहनों की धारा 65 डीपी अधिनियम 1978 के तहत जब्त किया गया है। यदि किसी व्यक्ति का इन वाहनों पर कोई दावा है तो वह उचित कानूनी प्रक्रिया अपनाकर इसे अपने पक्ष में जारी कराने के लिए सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ छह माह के भीतर संबंधित पुलिस स्टेशन में संपर्क कर सकता है। ऐसा न होने पर लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु आगे की कार्यवाही विधिक प्रक्रिया के अनुसार की जायेगी।

| क्र. सं | पुलिस स्टेशन | डी.डी. संख्या | तारीख | पंजीकरण संख्या | इंजन नं. | चेसिस नं. | वाहन का प्रकार | बनाना | मॉडल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत नगर | 51 A | 29.03.24 | DL7SBZ7173 | 11003 | 11384 | स्कूटी | होंडा | एक्टिवा |
| 2. | भारत नगर | 62 A | 29.03.24 | DL3SBH5465 | 53634 | 42802 | स्कूटी | होंडा | एक्टिवा |
| 3. | भारत नगर | 98 A | 03.04.24 | DL8SBC5284 | 71853 | 78605 | स्कूटी | टीवीएस | ज्यूपिटर |
| 4. | भारत नगर | 67 A | 01.06.24 | DL8SCT8176 | 68080 | 68537 | स्कूटी | होंडा | एक्टिवा |
| 5. | भारत नगर | 2 A | 16.06.24 | DL8SCY9897 | 66007 | B1945 | एम/साइकिल | हीरो | स्पेलेंडर |
| 6. | भारत नगर | 83 A | 23.06.24 | DL6SBA-4032 | 70717 | 39429 | स्कूटी | होंडा | एक्टिवा |
| 7. | भारत नगर | 102 A | 23.06.24 | DL5SAW-1335 | 56316 | 47781 | एम/साइकिल | होंडा | सीबी शाइन |
| 8. | भारत नगर | 47 A | 21.07.24 | DL8SBV-9471 | 24454 | 22473 | स्कूटी | महिंद्रा | गस्टो |
| 9. | भारत नगर | 38 A | 25.07.24 | DL6SAE-4321 | 26045 | 26045 | एम/साइकिल | हीरो | पैशन |
| 10. | केशव पुरम | 70 A | 20.02.24 | DL3SCN-8703 | 60353 | 005654 | स्कूटी | वेस्पा | पियाजियो |
| 11. | केशव पुरम | 112 A | 25.03.24 | DL12SD-0926 | 00348 | 00780 | एम/साइकिल | हीरो | स्पेलेंडर |
| 12. | सुभाष प्लेस | 99 A | 25.08.24 | DL8SBB 9703 | 25161 | 32431 | एम/साइकिल | बजाज | केटीएम |
| 13. | सुभाष प्लेस | 97 A | 06.11.24 | DL7SCC 1397 | 83434 | 31184 | स्कूटी | टीवीएस | ज्यूपिटर |
| 14. | सुभाष प्लेस | 18 A | 02.11.24 | DL6SAH-6823 | 47674 | 36648 | स्कूटी | होंडा | एक्टिवा |
| 15. | सुभाष प्लेस | 110 A | 25.12.24 | DL1SAE-9805 | 7445 | 11435 | स्कूटी | टीवीएस | एन टॉर्क |
| 16. | महेंद्र पार्क | 81 A | 08.08.24 | DL6SBK3309 | 64292 | 04151 | एम/साइकिल | हीरो | स्पेलेंडर प्लस |
| 17. | जहांगीर पुरी | 100 A | 26.12.24 | DL8SBG 5389 | 06879 | 04748 | एम/साइकिल | हीरो | एक्स-ट्रेम |
| 18. | जहांगीर पुरी | 137 A | 26.02.24 | DL5SAC 9699 | 69254 | 58263 | एम/साइकिल | होंडा | एक्टिवा |

# आखिरकार पांच साल लंबे इंतजार के बाद बैडमिंटन हाल के निर्माण की जगी उम्मीद

## नगरपालिका ने बैडमिंटन हाल के अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए फिर से टेंडर लगा दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** पांच साल लंबे इंतजार के बाद नगरपालिका खेल स्टेडियम के निकट बैडमिंटन हाल के निर्माण की उम्मीद अब फिर से जगी है। नगरपालिका ने बैडमिंटन हाल के अधूरे निर्माण को पूरा करवाने के लिए फिर से टेंडर लगा दिया है। इससे पहले जिस एजेंसी को टेंडर दिया गया था, वह निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी स्टेडियम का निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पाई। जिस वजह से एजेंसी का टेंडर कैंसल कर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया था। अब नगरपालिका ने अधूरे पड़े निर्माण को पूरा करने के लिए फिर से टेंडर लगा दिया गया है।

**निर्माण पर 85 लाख रुपये होंगे खर्च**



पहली एजेंसी द्वारा बैडमिंटन हाल के निर्माण पर 73 लाख रुपये खर्च कर चुकी थी, लेकिन बार-बार काम रोकने की वजह से एजेंसी को नगरपालिका कई नोटिस जारी कर चुकी थी। जब एजेंसी ने काम पूरा नहीं किया तो टेंडर को निरस्त कर दिया गया। अब स्टेडियम में निर्माण पर 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस बैडमिंटन हाल में 4 कोर्ट बनाए जाएंगें, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों के साथ-साथ बाहरी खिलाड़ियों को भी किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। हाल में बैठने के लिए सीढ़ियों पर ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा और सुरक्षा के दृष्टिगत फायर सिस्टम भी लगाए जाएंगे।

**लेटलतीफी**

▶▶ डिजाइन में कुछ बदलाव किए जाने हैं, जिसके चलते फिर से आकेर्टेक्टों की मदद ली जा रही है

**मुरथल विश्वविद्यालय में तैयार होगा डिजाइन**

मुख्यमंत्री द्वारा बैडमिंटन हाल की घोषणा करने के बाद नगरपालिका द्वारा मुरथल विश्वविद्यालय के आकेर्टेक्टों से हाल का डिजाइन तैयार करवाया गया था। इसके लिए 2 लाख रुपए नगरपालिका द्वारा खर्च किए गए थे। अब स्टेडियम का छत के निर्माण कार्य शुरू होने वाला है, लेकिन छत के डिजाइन में कुछ बदलाव किए जाने हैं, जिसके चलते फिर से मुरथल विश्वविद्यालय के आकेर्टेक्टों की मदद ली जा रही है।

**अगले सप्ताह होगा टेंडर का आवंटन**

पालिका अभियंता जयदेव शर्मा ने बताया कि अगले सप्ताह टेंडर खोला जाएगा, जिसके बाद एजेंसी को टेंडर आवंटित किया जाएगा। 1 करोड 49 लाख की लागत से बन कर तैयार होने वाले इस बैडमिंटन हाल की छत के डिजाइन मुरथल विश्वविद्यालय के आकेर्टेक्ट से बनवाया जा रहा है। डिजाइन जल्द ही आ जाएगा। जिसके बाद बैडमिंटन हाल का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा करवा दिया जाएगा।

# संविधान संग्रहालय लोकसभा अध्यक्ष, सीएम सैनी करेंगे उद्घाटन

**संग्रहालय**

▶▶ भारत के युवाओं को संविधान को ज्ञान के प्रकाशस्तंभ के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में संविधान संग्रहालय संविधान संग्रहालय का आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं सांसद नवीन जिंदल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति, प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार ने बताया कि इस संविधान संग्रहालय को राष्ट्र को समर्पित करते हैं, ताकि भारत के युवाओं को



संविधान को ज्ञान के प्रकाशस्तंभ के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके, जो हमारे देश के भविष्य को दिशा देता है। यह अनोखी और महत्वाकांक्षी परियोजना भारतीय संस्थानों द्वारा पहले कभी नहीं की गई है। यह संग्रहालय हमारे लोकतांत्रिक ढांचे और हमारे संविधान के मूल सिद्धांतों का जीवंत प्रमाण है, जिसने भारत को समानता, विकास और संतुलन की ओर अग्रसर किया है। संग्रहालय में 75 वर्षों की संवैधानिक यात्रा को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक और इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां होंगी। यह संग्रहालय संविधान के हर भाग और उसकी प्रासंगिकता को समझाने का केंद्र होगा। कुलपति, प्रोफेसर डा. सी. राज कुमार, ने कहा कि संग्रहालय और राइट्स एंड फ्रीडम्स अकादमी इस अद्वितीय दस्तावेज़ को समर्पित है। संविधान संग्रहालय और अधिकार एवं स्वतंत्रता अकादमी का समर्पण समारोह मंगलवार, 26 नवंबर 2024 को आयोजित होगा। संविधान दिवस व्याख्यान प्रोफेसर गोपालकृष्ण गांधी, पूर्व राजदूत और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल, द्वारा दिया जाएगा। संग्रहालय की क्यूरेटर और संस्कृति विभाग की प्रमुख, सुश्री अंजचिता बी. नायर ने कहा कि यह संग्रहालय पारंपरिक संग्रहालयों की एकतरफा शैली से हटकर नई कहानी कहने के माध्यमों का उपयोग करता है। इसका उद्देश्य संविधान को जनसामान्य के लिए सुलभ बनाना और उसमें गर्व की भावना उत्पन्न करना है।

# फोर्स मोटर्स की नई गाड़ी अरबानिया लॉन्च



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** फोर्स मोटर्स की नवीनतम वाहन श्रृंखला "अरबानीया" का भव्य लॉन्च आज वैक्सन फोर्स सोनीपत (अधिकृत डीलर) द्वारा एस.के. पार्क ब्लू, मुरथल, सोनिपत में किया गया। इस खास मौके पर वैक्सन फोर्स सोनीपत के निदेशक सतेंद्र कुमार जैन और आदित्य महावीर जैन के साथ कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक मनमोहन गोयल भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान "अरबानीया" की विशेषताओं को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति का नेतृत्व कंपनी के क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक श्री कनिष्क ने किया। उन्होंने "अरबानीया" के आधुनिक डिजाइन, शानदार प्रदर्शन और व्यावसायिक उपयोग में इसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। सतेंद्र जैन ने कहा, "अरबानीया "भारतीय बाजार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। यह न केवल आरामदायक और स्टाइलिश है, बल्कि टिकाऊ और किफायती भी है।" आदित्य महावीर जैन ने अपने संबोधन में कहा, "वैक्सन फोर्स में इस उन्नत वाहन को सोनिपत में पेश करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं।
यह वाहन पर्यटन, परिवहन और व्यवसायिक उपयोगकताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित होगा।" इस लॉन्च के साथ फोर्स मोटर्स के लगभग 21 वर्षों से अधिकृत विक्रेता वैक्सन फोर्स ने यह स्पष्ट कर दिया है कि फोर्स मोटर्स न केवल अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**शानदार प्रदर्शन**

▶▶ "अरबानीया" के डिजाइन, शानदार प्रदर्शन और व्यावसायिक उपयोग में इसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला

# देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका: उमेश

**प्रस्तुतियां**

▶▶ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** युवा मामले एवं कौशल विभाग हरियाणा और नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2024 का शुक्रवार को समापन हो गया। पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। दूसरे दिन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उमेश चानना रहे। मुख्य अतिथि ने समापन समारोह में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन जसविंद्र संधू ने किया।
बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उमेश चानना ने कहा कि देश के विकास व तरक्की में युवा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व में युवाओं की सबसे अधिक आबादी भारत मे है, इसलिए भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। युवाओं को ठीक दिशा व दशा देने के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने आह्वान किया कि युवा अधिक से अधिक सामाजिक कार्य करें और समाज को नई दिशा देने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि नशा समाज को बर्बाद कर देता है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। युवाओं मे समाज सेवा और देश सेवा का नशा होना चाहिए, ताकि समाज को सुधारा जा सके।
उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। प्रतियोगिता जीतना बड़ी बात नहीं है, बड़ी बात प्रतियोगिता में भाग लेना है। इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से जोश व उमग का निर्माण होता है जो आपके जीवन के सर्वांगीण विकास में सहायक होती है।
बाबू मूलचंद जैन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवा सक्षम व सशक्त होगा तभी देश का आगे बढ़ाने में सहायक होगा। आज दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का समापन हो गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 10 विधाओं में प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिनमें जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से प्रतिभागी शामिल हुए हैं। सभी संस्थानों के युवाओं ने लोक कला के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विजेता रहने वाली सभी विधाओं की टीमें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में करनाल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# 5वीं हरियाणा सीनियर योग चौंपियनशिप का शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया**

**राईः** राई, सोनीपत स्थित प्रदेश के एकमात्र खेल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा योग खेल एसोसिएशन द्वारा 5वीं हरियाणा सीनियर योग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। 2 दिवसीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति और पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री अशोक कुमार ने किया। राष्ट्रीय योग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रदेश की योग एसोसिएशन की यह 5वीं चैंपियनशिप है। इस अवसर पर हरियाणा योग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री जयदीप आर्य, सेक्रेटरी श्री सुनील शर्मा और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने की लिए सभी 22 ज़िलों की यूनिट के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

"खिलाड़ी और समाज को जोड़ने का काम करता है योग"

इस अवसर पर पूरे प्रदेश से भाग लेने आए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार जी ने कहा कि योग ने केवल एक खेल या क्रिया है।

# महिला की हत्या और शव जलाने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** क्राइम यूनिट गन्नौर पुलिस टीम ने महिला की हत्या कर शव जलाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित उपकार निवासी षि कालोनी, सोनीपत का रहने वाला है। जानकारी अनुसार गत 26 अक्टूबर को पंजाब के जिरकपुर निवासी त्रिशला ने थाना सिविल लाइन सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया कि उसकी बहन सरिता, जिसकी शादी 2004 में कपिल से हुई थी। 2018 में तलाक के बाद उसकी बहन ने उपकार से लव मैरिज कर ली और उसके साथ सोनीपत में रहने लगी। शादी के कुछ समय बाद से ही उपकार और सरिता में विवाद होने लगे, क्योंकि उपकार शराब पीने का आदी था और सरिता के साथ मारपीट करता था। 20 अक्टूबर को उपकार ने सरिता को फोन कर पैसे और सामान मांगने के साथ जबरदस्ती घर बुला लिया। 25 अक्टूबर को सरिता ने उसे फोन पर बताया कि उपकार उसका गला दबा रहा है, जिसके बाद फोन कट गया। उसी रात सरिता के घर में आग लगने की सूचना मिली, जिसमें सरिता की मौत हो गई।

# आईसीपी शिक्षा ने किया सीए फाउंडेशन और सीएस-ईईटी छात्रों का सम्मान

**शानदार**

▶▶ छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाल ही में घोषित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ,( कमाल हुसैन )**

**आईसीपी** शिक्षा ने आज अपने सफल छात्रों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सीए फाउंडेशन और सीएस-ईईटी के उन छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने हाल ही में घोषित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया। संस्थान ने एक बार फिर अपने परिणामों से क्षेत्र में नाम रोशन किया है। सीए फाउंडेशन में आईसीपी शिक्षा का रिजल्ट 75% रहा, जबकि सीएस-ईईटी में 100% रिजल्ट हासिल किया। इसकी तुलना में सीए फाउंडेशन का ऑल इंडिया रिजल्ट मात्र 19.67% और सीएस-ईईटी का ऑल इंडिया रिजल्ट 76% रहा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संस्थान के संस्थापक सीए हिमांशु ग्रोवर ने सफल छात्रों को मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, "आपकी यह सफलता न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का भी प्रमाण है।" समारोह में विशेष अतिथि के रूप में एडवोकेट दीपांशु ग्रोवर, सीए इंदरजीत सिंह, और सीएस आशु रानी उपस्थित रहे। इन सभी ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। एडवोकेट दीपांशु ग्रोवर ने कहा, "यह उपलब्धि आपके दृढ़ संकल्प और अनुशासन का परिणाम है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा सकारात्मक सोच बनाए रखें।" वहीं, सीए इंदरजीत सिंह और सीएस आशु रानी ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपनी सफलता के अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भाईचारा मजबूत कर रहा अल्पसंख्यक आयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा शुक्रवार को करनाल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम पीडब्लूडी विश्राम गृह में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके उपरांत निजी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने शामगढ़ में सिख समुदाय के एक कार्यक्रम में भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि देश में एकता और भाईचारा मजबूत करने के लिए अल्पसंख्यक आयोग कार्य कर रहा है।
अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि



आयोग का मुख्य मकसद असुरक्षा, अन्याय और असमानता को लेकर कार्य करना है। कोई भी अल्पसंख्यक देश में असुरक्षा महसूस न करे, किसी के साथ कोई अन्याय न हो इसके साथ.साथ सभी के साथ समान व्यवहार हो, कोई भेदभाव न हो। उन्होंने कहा कि देश में सभी का भाईचारा स्थापित हो, इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।
राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि प्रत्येक भारतीय के लिए शिक्षा बेहद जरुरी है। हमें राइट टू एजुकेशन का अधिकार है। 8वीं तक की शिक्षा कोई भी छात्र मुफ्त ग्रहण कर सकता है। वहीं बात करें तो इससे आगे की शिक्षा के लिए जो भी अल्पसंख्यक समाज के मेधावी बच्चे हैं, उनकी मदद के लिए अल्पसंख्यक आयोग आगे रहता है। उन्होंने कहा कि आयोग निरंतर अल्पसंख्यक समाज से जुड़ी स्कीमों की जागरूकता फैलाता है। केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा भी अलग-अलग स्कीम का क्रियान्वन किया जाता है।

**एकता**

▶▶ आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि प्रत्येक भारतीय के लिए शिक्षा बेहद जरुरी है

# गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

**गन्नौर।** तेवड़ी गांव के पास बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दंपति सड़क पर गिर कर घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने अस्पताल में दाखिल कराया। घायल ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में गांव महमूदपुर निवासी संजुपाल ने बताया कि वह 19 नवंबर की सुबह बाइक पर अपनी पत्नी कविता के साथ पानीपत जा रहा था। जब वह तेवड़ी गांव के पास पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

# पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण कर बचाएं पर्यावरण : महेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** स्थानीय काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यजुर्वेद पारायण महायज्ञ के चौथे दिन ब्रह्मा पंडित महेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों की स्मृति, अपने जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगाँठ पर सार्वजनिक स्थल पर पौधारोपण करना चाहिए। इससे पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमने बहुत मौकों पर विदेशी संस्कृति को अपना लिया है। यह गलत और वेद विरुद्ध है क्योंकि वेद ही सृष्टि का संविधान है।

वीरवार को राजेन्द्र सिंह-



कमला, मंजीत-रीना, सुरेश कुमार-सीमा, भरपूर-प्रमिता तथा रणदीप-ज्योति महायज्ञ के यजमान बने और वैदिक मंत्रों से आहुतियाँ दीं। महेन्द्र कुमार शास्त्री ने कहा कि ईश्वर सर्वव्यापक है। वह सृष्टि के कण-कण में विद्यमान है। वह अविद्या का विनाश और हमें उत्तम गुण, कर्म, स्वभाव का बना कर आत्मा को प्रकाशित करने वाला है। इसलिए हमें केवल उसी निराकार परमात्मा की उपासना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ईश्वर द्वारा दी गई अग्नि सारे जगत के लिए सुखकारी है वैसे ही विद्या के जानने वाले अध्यापक सब मनुष्यों के लिए सुखकारी होते हैं।

# निकेतन की लड़कियों ने किया युवा महोत्सव का दौरा

**दौरा**

▶▶ दौरा का उद्देश्य नारी निकेतन की महिलाओं व लड़कियों को बाहरी सामाजिक वितरण से जोड़े रखना था।

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका के निर्देश पर निगरानी गृह कन्या एवं नारी निकेतन की लड़कियों ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना के नेतृत्व में यहां सेक्टर 14 स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित युवा महोत्सव का दौरा किया। दौरा का उद्देश्य नारी निकेतन की महिलाओं




व लड़कियों को बाहरी सामाजिक वितरण से जोड़े रखना था।
उल्लेखनीय है कि पिछले माह अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी ने यहां गृह कन्या तथा नारी निकेतन का निरीक्षण किया था। उन्हें बताया गया कि नारी निकेतन में रह रही युवतियों में पांच-छह बधिर भी हैं। ये करीब दस सालों से संस्था में रह रही है। इनके घर का कोई अता-पता नहीं है। संस्था के भीतर ही रहने के कारण से बाहरी सामाजिक वातावरण से अनभिज्ञ सी हैं। इस पर एडीसी ने इन्हें बाहरी सामाजिक वातावरण से जोडने.के लिये दौरा के निर्देश दिये।
निगरानी गृह कन्या एवं नारी निकेतन की लड़कियों व महिलाओं ने युवा महोत्सव के प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसी कार्यक्रमों में ले जाने का अनुरोध किया। दौरे को सफल बनाने में पुलिस का भी अपेक्षित सहयोग रहा।

# जिलाभर में विकास कार्यों में और आएगी तेजी: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जिला में विकास कार्यों में और तेजी लाई जाएगी। इसको लेकर निरंतर जिला के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार लगातार लोकहित के फैसले ले रही है। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर करनाल जिला को और आगे ले जाने का काम करेगी। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल जिला को सुंदर बनाने के लिए और बेहतर प्रयास किए जाएंगे।

## संपादकीय

# पीएम की एक और ऐतिहासिक विदेश यात्रा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्राओं से नए-नए कीर्तिमान रच रहे हैं और इसी क्रम में जुड़ गई है उनकी ताजा गुयाना यात्रा। प्रधानमंत्री ने नवम्बर 2024 में ब्राजील में आयोजित जी -20 शिखर सम्मलेन में अपना लोहा मनवाने के बाद गुयाना की यात्रा की जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की विगत 56 वर्षों के पश्चात की गई गुयाना यात्रा थी । गुयाना में प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया । गुयाना के दौरे में प्रधानमंत्री ने वहां की संसद को संबोधित किया तथा साथ ही गुयाना सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान भी प्रदान किया। गुयाना दक्षिण अमेरिका में एक छोटा सा देश है किंतु उसके विकास की सभवनाएं अनंत है क्योंकि वहां तेल व गैस के बड़े भंडार मिले हैं । प्रधानमंत्री की गुयाना यात्रा के दौरान भारत और गुयाना के मध्य कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं। आर्थिक विकास के लिए भारत और गुयाना एक -दूसरे के लिए महत्वपूर्ण साझेदार हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुयाना पहुँचने पर भव्य स्वागत हुआ। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली तथा प्रधानमंत्री मार्क एंथोनी फिलिप्स सहित उनकी कैबिनेट के 12 से अधिक मंत्रियों ने स्वयं एयरपोर्ट पहुंच कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां पर बसे प्रवासी भारतीयों को भी संबोधित किया। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली साथ बैठक में दोनों देशों के बीच संबंधों को रणनीतिक दिशा देने पर चर्चा हुई। वार्ता के बाद दोनों देशों में बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर भी हुए हैं। इनमें हाइड्रोकार्बन, डिजिटल पेमेंट सिस्टम, फार्मास्युटिकल, कृषि और रक्षा क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुयाना भारत की ऊर्जा सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा और इस क्षेत्र में दीर्घ साझेदारी के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया जायेगा । प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारत गुयाना में जन औषधि वितरण केंद्र भी खेलने जा रहा है। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह नेताओं के बीच चैंपियंस हैं। उनका प्रभावशाली नेतृत्व और विकासशील देशों में योगदान उन्हें विशेष बनाता है।अली ने आगे कहा कि मोदी की शासन शैली कमाल की है। गुयाना व अन्य देशों में इसकी प्रासंगिकता है और इसे अपनाया जाता है। गुयाना मात्र साढ़े आठ लाख की आबादी वाला देश है जिसकी विकास यात्रा में भारतीय मूल के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जब भारत अंग्रेजों के आधीन था था तब अंग्रेज भारत के लोगों को काम करवाने के लिए बंधक बनाकर विदेश ले जाते थे आज का गुयाना ऐसे ही लोगों के परिश्रम से निर्मित हुआ। इस कारण भारत और गुयाना के बीच एक सांस्कृतिक समभाव भी है। इसी आधार पर भारत और गुयाना के बीच सांस्कृतिक सम्बंधों को बढ़ावा देने के लिए तथा दोनो देशों की जनता के मध्य पारस्परिक संपर्क बढ़ाने के लिए भी एक बड़ा समझौता हुआ है। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली के साथ साथ वहां के कई कैबिनेट मंत्री भी भारतीय मूल के ही हैं। राष्ट्रपति इरफान अली के पूर्वज उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से गुयाना जाकर बस गये थे। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया। घनिष्ठ संबंधों के प्रमाण के रूप में प्रधानमंत्री मोदी को जार्जटाउन शहर की चाबी भी सौंपी गयी है। ज्ञातव्य है कि गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने 2023 में भारत की यात्रा की थी और तब ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुयाना यात्रा के लिए आमंत्रित किया था।

# इक धुंद से आना है, इक धुंद में जाना है

@ राकेश अचल

"भारत की राजनीति में सरकार के पीछे खड़े होकर देश चलने वाले माननीय गौतम अडानी साहब के हाथ ही लम्बे नहीं हैं बल्कि जिगरा भी शेर का है अन्यथा और कोई है जो अमेरिका में जाकर किसी सौदे केलिए रिश्वत देने की पेशकश कर सके। रिश्वत के अनेक नाम है। कोई इसे घूस कहता है तो कोई शुकराना ,कोई इसे नजराना मानता है। भारत में रिश्वत ' बिन पद चलहि ,सुने बिन काना ' जैसी है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने ये चौपाई हलांक ब्रम्ह को लेकर लिखी थी ,लेकिन ये लागू हो रही है आज के अडानी और अम्बानी पर। ये दोनों महापुरुष आज के ब्रमंह हैं । ये बिना पैरों के चलते हैं, बिना कानों के सुनते हैं। बिना हाथ के नाना प्रकार के काम करता है, बिना मुँह (जिह्वा) के ही सारे (छहों) रसों का आनंद लेता है और बिना वाणी के बहुत योग्य वक्ता है"

**महाराष्ट्र** और झारखण्ड के चुनाव परिणामों की प्रतीक्षा कर रहे देश को अचानक गौतम अडानी की गिरफ्तारी वारंट की खबर से रूबरू होना पड़ा । गौतम अडानी यानि देश की अर्थव्यवस्था का एक ध्रुव। उनके ऊपर संकट आया तो देश पर संकट आ गया। एक झटके में साढ़े पांच लाख करोड़ रुपए शेयर बाजार में डूब गए । अब कल्पना कीजिये कि यदि अमेरिका की पुलिस सचमुच गौतम भाई साहब को गिरफ्तार कर ले जाये तो भारत के शेयर बाजार का क्या हाल होगा ? गौतम भाई पर अमेरिका में एक सौदा हासिल करने के लिए संबंधित पक्ष के अधिकारियों को भारी-भरकम रिश्वत देने की पेशकश करने का आरोप है। भारत के मौजूदा दशक की सियासत पर अडानी ने एक धुंद की चादर दाल दी है ,वैसे ये धुंद तो आती जाती रहती है। कभी ऐ-१ तो कभी ऐ-२ बनकर ये धुंद आती है और चली भी जाती है। अपने जमाने के मशहूर शायर साहिर लुधियानवी की याद मुझे अक्सर आती है। वे धुंद को बाखूबी पहचानते थे। एक जमाने में उन्होंने ' धुंद ' नाम से बनी एक फिल्म के लिए एक गजल लिखी ,जो आज की देशी -विदेशी राजनीति पर सौ फीसदी फिट बैठती है। साहिर साहब ने लिखा

संसार की हर शय का इतना ही फसाना है
इक धुंद से आना है इक धुँद में जाना है।

भारत की राजनीति में सरकार के पीछे खड़े होकर देश चलने वाले माननीय गौतम अडानी साहब के हाथ ही लम्बे नहीं हैं बल्कि जिगरा भी शेर का है अन्यथा और कोई है जो अमेरिका में जाकर किसी सौदे केलिए रिश्वत देने की पेशकश कर सके। रिश्वत के अनेक नाम है। कोई इसे घूस कहता है तो कोई शुकराना ,कोई इसे नजराना मानता है। भारत में रिश्वत ' बिन पद चलहि ,सुने बिन काना ' जैसी है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने ये चौपाई हलांक ब्रम्ह को लेकर लिखी थी ,लेकिन ये लागू हो रही है आज के अडानी और अम्बानी पर। ये दोनों महापुरुष आज के ब्रमंह हैं । ये बिना पैरों के चलते हैं, बिना कानों के सुनते हैं। बिना हाथ के नाना प्रकार के



काम करता है, बिना मुँह (जिह्वा) के ही सारे (छहों) रसों का आनंद लेता है और बिना वाणी के बहुत योग्य वक्ता है।

गौतम भाई साहब के गिरफ्तारी वारंट से जितने खुद अडानी साहब व्यथित नहीं हैं उससे ज्यादा व्यथित हमारे देश की सत्तारूढ़ पार्टी है । सत्तारूढ़ दल के हर नेता का पेट पानी हो रहा है । सबके सब अडानी साहब के बचाव में अपनी तमाम योग्यता के साथ उपस्थित हैं ,क्योंकि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने माननीय गौतम अडानी साहब की गिरफ्तारी की मांग की है। विपक्ष के नेता का काम ही मांग करना है। विपक्ष और कुछ कर भी तो नहीं सकता। जो करना होता है सरकार और अडानी-अम्बानी साहब को करना होता है । लोकसभा अध्यक्ष तो इन दोनों का नाम तक सदन में नहीं लेने देते।

बहरहाल इन दिनों गौतम अडानी साहब के नाम का डंका जोर-जोर से पूरी दुनिया में बज रहा है । भारत के नाम का इतना तेज डंका तो माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी पिछले 10 साल में नहीं बजा पाए थे। ' डंका वादन ' की इस महान उपलब्धि के लिए इस बार गणतंत्र दिवस पर माननीय गौतम अडानी के नाम एक पदम् पुरस्कार तो बनता ही है। उन्होंने भारत में रिश्वत प्रथा को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान जो दिलाया है। माननीय गौतम अडानी साहब अभी केवल आरोपी हैं ,इसलिए मै उन्हें अपराधी नहीं मानता । मेरे मानने या न मानने से क्या होता है ? हमारे देश की सरकार उन्हें गुनहगार नहीं मानती । यदि अमेरिका की अदालत में वे दोषी साबित किये जाते हैं तब की तब देखी जाएगी। अडानी साहब के हमजोली प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति के मीटर हैं ,कोई न कोई रास्ता निकाल ही लेंगे। साहिर लुधियानवी साहब लिखते हैं कि-

ये राह कहाँ से है ये राह कहाँ तक है
ये राज कोई राही, समझा है न जाना है

इस मामले में कमोवेश मै राहुल गाँधी के बजाय साहिर साहब से इत्तफाक रखता हूँ। अडानी भाई साहब के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट क्या जारी हुआ केन्या ने अडानी साहब कि साथ किया गया 700 मिलियन डालर का करार ही रद्द कर दिया। लगता है कि केन्या वाले इस बात से खफा हैं कि अडानी साहब ने जो पेशकश अमेरिका में अनुबंध हासिल करने के लिए की ,उससे केन्या वालों को वंचित रखा।

लेकिन मुझे इस आशंका पर बिलकुल यकीन नहीं है। मुझेलगता है कि उन्होंने अमेरिका में तो केवल पेशकश की है लेकिन केन्या वालों को तो रिश्वत दी ही होगी,क्योंकि वे जानते हैं की केन्या एक गरीब देश है । वहां की सरकार गरीब है ,इसलिए उसकी मदद तो की ही जाना चाहिए। वैसे भी अडानी साहब किसी का हक मारते नहीं है। उन्होंने तो इलेक्टोरल बांड में भी खूब दान दिया था। रिश्वत का ये खेल दुनिया में सब दूर खेला जाता है ,अमेरिका ने खामखां इसे एक जघन्य अपराध बना लिया है जबकि अमेरिका में इसे बख्शीस के रूप में सहर्ष स्वीकार किया जाता है। इस खेल के बारे में साहिर साहब लिखते हैं कि -

इक पल की पलक पर है ठहरी हुई ये दुनिया
इक पल के झपकने तक हर खेल सुहाना है

आज अडानी के साथ जो हुआ ,कल वो किसी के साथ हो सकता है। किसी को आने वाले कल का पता नहीं होत। अब कल तो [ 23 नवमबर को ] महाराष्ट और झारखण्ड विधानसभाओं के चुनावों के नतीजे भी आना है। कोई दावे के साथ नहीं कह सकता कि इस बार कौन जीतेगा ? कौन मुख्यमंत्री बनेगा ? कम से कम मै तो नहीं कह सकता,क्योंकि मै मशीनरी और मशीनों की क्षमताओं से वाकिफ हूँ। मुमकिन है कि यहां भी मध्यप्रदेश और हरियाणा जैसा ही खेला हो जाये और मुमकिन है कि कहीं पलट बजे और कहीं नहीं। ये चुनाव वैसे भी ' बंटोगे तो कटोगे ' के बीच थे । इस अनिश्चय को लेकर भी साहिर लुधियानबी ने एक शेर लिखा।-

क्या जाने कोई किस पर किस मोड़ पे क्या बीते
इस राह में ऐ राही हर मोड़ बहाना है ।

हकीकत ये है कि हम और आप इस खेल में कहीं हैं ही नहीं। ये खेल महान लोगों का खेल है। इस खेल में बकौल साहिर साहब -

हम लोग खिलौना हैं इक ऐसे खिलाड़ी का
जिस को अभी सदियों तक ये खेल रचाना है।

यानि ' हरि अनंत ,हरि कथा अनंता ' वाला मामला है। आप अडानियों अम्बानियों की थाह नहीं ले सकते । ये सबके है। भाजपा के भी ,कांग्रेस के भी ,वामपंथियों के भी ,समाजवादियों के भी। इन्हें तो कारोबार करना है । सामने कौन है ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता ।

ये नजराने,शुकराने की पेशकश करने में सिद्धहस्त हैं । भगवान इनसे देश और दुनिया की रक्षा करे।

## कविता

### जिंदगी सिर्फ एक किरदार हो गई है

मुफलिसी अब रिश्तेदार हो गई है
फकीरी अब बेशुमार हो गई है।।

किसी की कोई कहाँ कद्र करता।
तंगहाली मेरा संसार हो गई है।।

देखे हमने न जाने कितने कद्रदान।
गदीर्शी मेरे गले का हार हो गई है।।

नंगे पैर चलोगे तो कांटे चुभेंगे ही।
राहें यहां की बड़ी रंगदार हो गई है।।

जिनके भी हाथ लगी दौलत-हुकूमत।
वो सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।

आप हमसे करें प्यार या बेशक नफरत।
जिन्दगी तुम पर जानिसार हो गई है।।

हमें मालूम है आपकी हकीकी फितरत।
आप रंगमंच की कलाकार हो गयीं हैं।।

मौसम की तरह रंग बदलती है जिन्दगी।
जिंदगी सिर्फ एक किरदार हो गई है।।

संजीव

# जो बाइडेन आग में घी डालने का काम कर रहे

संजीव

**अमेरिका** के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बनते ही डेमोक्रेट पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के लिए आने वाले समय मे कांटे बोने और परेशानी पैदा करने के काम को अंजाम देने में लग गए हैं। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन को रूस के विरुद्ध फास्ट बैलेस्टिक मिसाइल्स इस्तेमाल करने के लिए एक समझौता कर उसे बड़ी मात्रा में मिसाइल की आपूर्ति भी कर दी है जिसके इस्तेमाल से दूरगामी क्षेत्र में भारी जान माल का नुकसान होने की संभावना बनती है और इसका इस्तेमाल यूक्रेन ने रूस के क्षेत्र में करना भी शुरू कर दिया और इसके फलस्वरुप रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है कि वह अमेरिका की इस चाल को अच्छे से समझते हैं और यूक्रेन यदि इन मिसाइल्स का इस्तेमाल करता है तो वह परमाणु बम का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा विश्व युद्ध की संभावना को रोकने की तो बात दूर उसे और भड़काने का प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं। इधर डोनाल्ड ट्रंप के जीतने और प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के उनके साथ अच्छे संबंधों के चलते भारत की आर्थिक स्थिति को अस्थिर करने एवं भारत सरकार को कमजोर करने के लिए अमेरिका के व्यापारी जॉर्ज सिरोस के माध्यम से भारत के बड़े व्यापारी अदानी के विरुद्ध अमेरिका की संघीय अदालत में मुकदमा चलवा कर उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट भी जारी करवा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के भारत विरोधी व्यापारी जॉर्ज सीरोस के के व्यापारी पुत्र के संबंध संघीय अदालत के जज से मधुर संबंध पूर्व से ही स्थापित है और भारत तथा भारत के प्रधानमंत्री एवं अदानी को लक्ष्य रखकर षड्यंत्र रचा गया है जिससे प्रधानमंत्री मोदी की छवि को धुमिल किया जा सके। पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन अब भारत विरोधी हो चुके हैं और उनकी पार्टी की हार का एक बड़ा कारण प्रवासी भारतीयों को भी मानते हैं इन परिस्थितियों में इजराइल फिलिस्तीन युद्ध और रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति आज में घी डालने का काम कर रहे हैं। जबकि डोनाल्ड ट्रंप कमर्शियल सोच वाले व्यक्ति हैं और विश्व युद्ध की किसी भी संभावना पर वे रोक लगाने का प्रयास करेंगे।

आज पूरा वैश्विक परिदृश्य और पृथ्वी परमाणु युद्ध के ज्वालामुखी पर बैठी हुई है ।

परमाणु संपन्न देशों के तमाम शासक और हुक्मरान अपनी राजनैतिक आकांक्षाएं, मंसूबे और सनक को पूरा करने के लिए एक दूसरे के रक्त के प्यासे बने हुए हैं' परमाणु संपन्न देशों में चीन ,रूस और नॉर्थ कोरिया ऐसे देश हैं जिनकी बागडोर सनकी तानाशाह प्रशासकों के हाथों में है और ये देश अपनी विस्तार वादी महत्वाकांक्षा और सनक के चलते परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने से नहीं चूकेंगे' इतिहास गवाह है की सनकी प्रशासकों से हमेशा मानवता और शांति को युद्ध और हिंसा का खतरा बना रहता आया है।

## विचार

# जल्दबाजी न करना, कई बार 'जलेबियां' बंट जाती है!

सुशील कुमार 'नवीन'

**शनिवार** को महाराष्ट्र और झारखंड के साथ पांच राज्यों में हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित होगा। दोपहर तक लगभग स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। दोनों चरणों को मिलाकर कुल 417 सीटों के नतीजों पर देशभर की नजर रहेगी। मतदान सम्पन्न होते ही 'बाबाजीह्न की डुगडुगी (एग्जिट पोल) भी बज गई है। पिछले कुछ चुनावों में वैसे तो बाबाजी की बातें कम ही सार्थक सिद्ध हुई है। फिर भी मनोरंजन मात्र के रूप में कहीं खुशी कहीं गम के माहौल को क्रिएट करने में इनका पूरा रोल रहता है। भिन्न-भिन्न पंथ वाले बाबाओं ने अपने-अपने हिसाब से संभावनाओं का आंकलन जनता के सामने पेश किया है। बाबा जी ने दोनों स्थानों पर अपने-अपने हिसाब से सरकारें भी तय कर दी है। ज्यादातर बाबाओं की माने तो महाराष्ट्र में भाजपा युक्त महायुति गठबंधन की सरकार बनती दिख रही है। दूसरी तरफ झारखंड में भी भाजपा युक्त एनडीए गठबंधन की सरकार बन सकती है। बाबाजी का आंकलन ठीक रहा तो महाराष्ट्र में सरकार रिपीट हो सकती है तो झारखंड में भाजपा गठबंधन की वापसी। शेष बाबाजी इसके विपरीत बता रहे हैं। उनका मानना है कि परिणाम चौंकाने वाला होगा।

वैसे तो देखा जाये तो बाबा जी हमेशा बताते तो संभावना ही है, पर हमारे जैसे अल्पज्ञानी उनकी बातों को कुछ और ही समझ जाते हैं। हरियाणा के प्रसिद्ध सूर्य कवि पंडित लखमीचंद ने अपने 'पिंगला भर्तृहरिह्न के किस्से में बड़ी अच्छी दो पंक्तियां लिखी थी। जो इन बाबाओं के आंकलन और हमारा उन पर विश्वास किए जाने पर चरितार्थ होती है। उन्होंने लिखा था -

**किसने देख्या स्वर्ग भरथरी , आपा मरे बिना**
**क्यूंकर आज्या सब्र आदमी कै, पेटा भरे बिना।**

सीधा सा भाव है कि जब तक सही रूप में सामने कुछ न आ जाए तब तक उस पर विश्वास किया जाना उचित नहीं है। दावे तो कितने ही किसी से करवा लो। इनकी कोई लंबी उम्र थोड़े ही होती है। जैसे ही पोल खुलती है, दावे हवा हो जाते हैं। वैसे भी आपको कुछ बताने की जरूरत नहीं। समझदारी में कोई आपसे आगे थोड़े ही हो सकता है। फिर भी स्मरण तो करा ही सकते हैं। ईश्वर से सीधे साक्षात्कार करवाने वाले कई बाबाओं के प्रवचन आप और हम जैसे लाखों-करोड़ों लोगों ने बड़े ही भक्तिमय और तन्मय भाव से सुने हैं। जिस हिसाब से वो अपनी ओजवाणी में निष्काम कर्म और परमात्मा की बात करते हैं। लगता है कि परमात्मा से सीधे रूप में हमारा कोई साक्षात्कार करा सकता है तो वे ही है। ऐसे ही कुछ बाबाओं के उदाहरण हमारे सामने हैं। जिनके माध्यम से हम परमात्मा से मिलन करना चाह रहे थे, वे व्यक्ति वैशिष्क कर्म कर शांतिमयी अनन्त साधना के लिए सुधारगृहों में जा बैठे हैं। अब कर लो साक्षात मिलन।

अब बात इन बाबाओं (एग्जिट पोल वाले) के दावों की कर लो। इन पर जरूरत से ज्यादा भरोसा जानलेवा साबित हो सकता है। दूर क्यों जाएं बात डेढ़ माह पहले हरियाणा में हुए चुनावों की कर लें। सारे के सारे बाबाजी जलेबिया बंटवा रहे थे। इनके कहने पर बड़े बड़े बैंक्विट हाल बुक हो गए थे। ढोल नगाड़े, बैंड बाजे, भव्य सुसज्जित रथ, शाही पकवान।

सब तैयार करवा लिए थे। बस इंतजार दुल्हन रूपी जीत का था। गाजे बाजे के साथ बारात ' दुल्हन हम ले जायेंगे ह्य गीत गाती चल पड़ी। रास्ते में ही सूचना उल्टी मिल गई। दुल्हन तो चुपके से दूसरे दूल्हे का वरण कर गई। सारी की सारी जलेबियां धरी की धरी रह गई। माहौल को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों ने इस बार एडवाइजरी भी जारी की है। इसके तहत साफ निर्देश दिए गए हैं कि जब तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर परिणाम अपलोड न हो जाए,तब तक भावनाओं को कंट्रोल में रखें। जल्दबाजी न करे। हलवाईयों से बात खोलकर रखे। हो


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जहरीली हवा से जूझती जिंदगी

विजय गर्ग

**देश की** राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब या यों कहें कि जानलेवा बनती जा रही है। राजधानी के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पार पहुंच गया है। शीर्ष न्यायालय भी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गंभीर है और उसने सख्त उपाय करने को कहा है। केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली और आसपास के राज्यों की सरकारें अलग-अलग दावे करती रही हैं, लेकिन इससे से प्रदूषण स्तर में कोई बड़ी राहत नजर नहीं आती है। भले ही इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार कई उपाय किए और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किए, लेकिन कारगर साबित नहीं हो पा रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताजा रपट बताती है कि विश्व स्तर पर हवा इस हद तक जहरीली चुकी है कि हमारी सांसों में धीमा जहर घुल रहा है। फेफड़ों 'प्रदूषणकारी तत्त्वों की तह लग रही है, जो धीमी मौत' का एक बड़ा कारण साबित हो सकता है। डब्लूएचओ की रपट बताती है कि प्रतिवर्ष लगभग पचास लाख लोग जहरीली हवा के चंगुल में आकर समय से पहले जिंदगी को अलविदा कह देते हैं। पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था 'ग्रीनपीस' ' की एक रपट के मुताबिक राजधानी दिल्ली दुनियाभर में सभी देशों की राजधानियों में सबसे ज्यादा प्रदूषित है। सवाल है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती ? सरकारें और राजनेता एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराने के बजाय समाधान के लिए तत्पर क्यों नहीं होते ? विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट में पीएम 2.5 के आधार पर बताया गया है कि दुनिया 'के सबसे 15 शहरों में 12 शहर भारत के हैं। वायु गुणवत्ता पर रपट के मुताबिक दुनिया के 30 सबसे अधिक प्रदूषित शहर भारत में हैं, जहां पीएम 2.5 की सालाना सघनता सबसे ज्यादा है। "बीएमजे " के अध्ययन में पाया गया है प्रदूषण वजह से भारत में हर साल कई कई लोगों की मौत होती है। पीएम यानी 'पार्टिकुलेट मैटर' एक किस्म है।

# 'सॉफ्ट स्किल्स' के बिन करियर है अधूरा

विजय

**आज के** जॉब मार्केट में प्रतिस्पर्धा बहुत ही ज्यादा है। इसमें टिके रहने के लिए दमदार तकनीकी विशेषज्ञता का होना जरूरी है, किंतु सिर्फ इसी के दम पर आप अपने कॅरिअर में कामयाबी पा जाएं, इसकी कोई गारंटी नहीं है। जीआई ग्रुप होल्डिंग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट स्वदीप कुमार सेन ने कहा कि आज के दौर में नियोक्ता सॉफ्ट स्किल्स को बहुत अहमियत दे रहे हैं। सॉफ्ट स्किल्स, यानी वे व्यक्तिगत गुण और पारस्परिक क्षमताएं, जो असरदार सहयोग, संप्रेषण एवं समस्या हल करने की काबिलियत को उजागर करते हैं। ये कौशल आपके तकनीकी ज्ञान के पूरक बनते हैं और आपके कॅरिअर निर्माण में प्रभावशाली साबित होते हैं। अनुकूलन क्षमताः अनुकूलन क्षमता वह कौशल है, जिसके होने से कोई व्यक्ति हो रहे बदलावों के अनुसार खुद को तेजी से ढाल लेता है और सकारात्मक रवैये के साथ नई चुनौतियों का सामना करता है। अनुकूलन क्षमता होने का मतलब यह है कि आप विभिन्न परिवेशों में आगे बढ़ सकते हैं, नए कौशल सीख सकते हैं और निरंतर बदलते हुए माहौल में प्रासंगिक बने रह सकते हैं। वास्तव में, नेतृत्व और नवप्रवर्तन के लिए अनुकूलन क्षमता को बुनियादी कौशल के रूप में देखा जाता है। प्रभावी संप्रेषण : आपकी भूमिका या इंडस्ट्री कोई भी हो, संप्रेषण सफलता की कुंजी है। प्रभावी संप्रेषण में न केवल स्पष्टता व आत्मविश्वास से कहना, बल्कि ध्यान से सुनना और दूसरों के दृष्टिकोण को समझना भी शामिल है। चाहे आप कोई प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे हों, फीडबैक दे रहे हों या टीम सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हों, , पुख्ता संप्रेषण यह सुनिश्चित करता है कि आपके विचारों को लोग आसानी से समझ सकें। भावनात्मक बुद्धिमत्ताः भावनात्मक बुद्धिमत्ता यानी इमोशनल इंटेलीजेंस (ईक्यू) आपको अपनी खुद की और दूसरों की भावनाओं को पहचानने, समझने व संभालने की क्षमता प्रदान करती है। यह एक ऐसा कौशल है, जो टीम में आपके प्रभावी ढंग से काम करने, मजबूत संबंध विकसित करने और विवादों को सृजनात्मक तरीके से संभालने की योग्यता बढ़ाता है।

## न्यूज फ्लैश

### ग्रेप चार की पांबदियों की अवहेलना करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा: डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को ग्रेप चार की पाबंदियों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शुद्ध हवा हर वन्य जीव प्राणी के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। हमारा सभी का प्रयास होना चाहिए कि जिले का एयर क्वालिटी इंडेक्स लेवल में सुधार हो। इसके लिए संबंधित विभाग सभी संभावित कदम उठाएं।

डीसी ने कहा कि सभी प्रकार निर्माण व तोड़ फोड़ की कार्यवाही बंद कर दी गई है। कूड़ा करकट जलाने पर पाबंदी है। कोयले वाले तंदूर भी नहीं चला सकते। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य जिससे धूल व धुआं उत्पन्न हो वह पाबंदी की श्रेणी में है। डीआरओ पानीपत को इसका नोडल बनाया गया है, किसी प्रकार की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 0180- 2653850 पर सुचना दे इसके अतिरिक्त शिकायत 311 एप व समीर एप भी कर सकते हैं।

**जिलाभर में करेगी फ्लाइंग टीमें निगरानी**

डीसी ने कहा कि ग्रेप चार की पाबंदियों को पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके लिए विभागीय स्तर पर फ्लाइंग टीमें गठित की गई हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित एसडीएम अपने अपने क्षेत्र में निगरानी रखें है। सभी टीमें प्रतिदिन निगरानी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। उन्होंने कहा कि पानी का छिडकाव कितने एरिया में किया गया। ठोस कचरा प्रबंधन के तहत आगजनी, निर्माण कार्य व अन्य ऐसे कार्य जिनकी वजह से धुल व धुआं वायुमंडल को प्रदूषित करता है। ऐसे कार्य में संलिप्त के खिलाफ नियमानुसार चालान करें।

### कुश्ति,बॉक्सिंग व कराटे में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने जीते 35 मेडल



**पानीपत, (कमाल हुसैन)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरुक्षेत्र में आयोजित इंटर कॉलेज चैंपियनशिप में कुश्ति,बॉक्सिंग व कराटे की प्रतियोगिताओं में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने अपने शानदार खेल की बदौलत 35 मेडल जीत कर कॉलेज का मान बढया। शुक्रवार को विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व प्राध्यापकों ने कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. गुप्ता ने इस शानदार जीत पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश टूर्ण, राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल,अनुप गुलिया व प्राध्यापिका रजनी को भी बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरुक्षेत्र में आयोजित इंटर कॉलेज चैंपियनशीप में कुश्ति व बॉक्सिंग का आयोजन 18 से 20 नंवबर व कराटे का 21 नंवबर को विश्वविद्यालय खेल प्रांगण में हुआ। उन्होंने बताया कि कुश्ति फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज कुलदीप 61 किलोग्राम भार वर्ग में, अमन कुमार 125 किलोग्राम भार व कुनाल 92 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। समीर 67 किलोग्राम व देव 86 किलोग्राम, वंदना देवी, 55 किलोग्राम, भावना 60 व आरती 70 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं ग्रीको रोमन स्टाइल में अंशु पहल ने 97 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, वहीं नीरज 82 किलोग्राम, पुष्पम 72 किलोग्राम, मनीष 60 किलोग्राम भार वर्ग में रजत हासिल किए। साथ ही रितिक 55 किलोग्राम, मोहित 71 किलोग्राम, राघव शर्मा 130 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। डॉ. गुप्ता ने बताया कि बॉक्सिंग में रितिक ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में मिलन देशवाल ने 67 किलोग्राम में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं पुष्पम ने 71 किलोग्राम व राघव ने 92 प्लस किलोग्राम वर्ग भार में रजत हासिल किए। साथ ही भावना ने 60 किलोग्राम, आरती ने 72 किलोग्राम व माफी ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। साथ ही 21 नवंबर को आयोजित कराटे चैंपियनशिप में सृष्टी ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। इसके साथ ही आरती ने 68 प्लस किलोग्राम व वंदना देवी 55 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किए। वहीं ज्योति ने 61 किलोग्राम, राघव शर्मा 84 प्लस किलोग्राम, अमन ने 55 किलोग्राम व कार्तिक चौहान ने 50 किलोग्राम भार वर्ग कांस्य पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

# शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख, जैन ने लिया जायजा

**आगजनी में घरेलू सामान जलकर राख हो गया और कमरे में फंसे परिवारजनों ने छत से कूद कर अपनी जान बचाई**

**आगजनी**

**मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली**





**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** बीती रात कुम्हार गेट स्थित 3 मंजिला मकान में बिजली शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, आगजनी में घरेलू सामान जलकर राख हो गया और कमरे में फंसे परिवारजनों ने छत से कूद कर अपनी जान बचाई। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां ने पहुंच कर आग पर काबू पाया।

मकान मालिक सचिन जैन ने बताया कि वह और उसके भाईयों का परिवार कमरे में सो रहे थे कि रात लगभग 11 बजे आग की लपटे उठती दिखी। भवन के नीचे स्थिति दुकान का शटर बंद होने के कारण आग की लपटे ऊपर तक पहुंच गई। पीड़ित ने बताया कि वह रेहड़ी लगाकर परिवार का गुजारा करते है। और आगजनी से 10झ12 लाख रुपए का नुकसान हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने भाजपा नेता को बताया कि नीचे खड़ी दो ई रिक्शा, घर में रखे सोफे, एयर कंडीशनर सहित सारा सामान जल गया और आग से दीवारों व छत को भी नुकसान पहुंचा है। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि वह जिला प्रशासन व सरकार से बातचीत करके आर्थिक मदद करवाने का प्रयास करेंगे।

## पति के निधन पर पैतृक गांव गई कर्मी के घर चोरी

**जांच जारी**

**ताला तोड़कर चोर ढाई लाख रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला सामने आया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र स्थित नागरिक अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मी के स्टाफ क्वार्टर का ताला तोड़कर चोर ढाई लाख रुपये की नकदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित कर्मी के पति का हृदयाघात का निधन हो गया था। जिसके चलते कर्मी अपने फ्लैट पर ताला लगातार अपने पैतृक गांव गई थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नागरिक अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मी पूनम ने बताया कि वह मूल रूप से गांव पिनाना के रहने वाले है। वह फिलहाल नागरिक अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर में रहती है। जूता फैक्टरी में कार्यरत रहे उनके पति राजकुमार का 17 नवंबर को अचानक हृदयाघात से निधन हो गया था। जिसके चलते पति के अंतिम संस्कार व तेरहवीं की रस्म करने को वह परिवार सहित पैतृक गांव पिनाना चली गई थीं। बुधवार को उन्हें सूचना मिली कि वह उनके क्वार्टर का ताला टूटा है। जिस पर वह क्वार्टर पर पहुंची तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। दरवाजे व अलमारियों पर लगे ताले टूटे है। सामान की जांच करने पर से ढाई लाख रुपये, दो जोड़ी सोने की बालियां, दो सोने की अंगूठी, सोने का ओम, चांदी की पाजेब व चुटकी चोरी मिली।

### उम्मीदवारों का लिया गया साक्षात्कार

**पानीपत,( कमाल हुसैन )** जिला रोजगार विभाग पानीपत द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत द्वारा असिस्टेंट बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के पद के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिनमें से 30 उम्मीदवारों का चयन किया गया।

जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने कहा कि इस प्रकार के जॉब फेयर से युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा।

# केयू एडमिन व केयूके के बीच फाइनल मैच आज

**मैच**

**फाइनल मैच के लिए सभी टीमों के खिलाड़ियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में शनिवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के अनौपचारिक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच केयू एडमिन प्लेयर्स व केयूके स्पार्टन के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे। फाइनल मैच स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 11 बजे खेला जाएगा। फाइनल मैच के लिए सभी टीमों के खिलाड़ियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। प्वाइंट्स टेबल के अनुसार केयू स्पार्टन की टीम व एडमिन प्लेयर्स के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। दो माह चले क्रिकेट प्रतियोगिता के कुल 13 मैचों में केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान अब तक कुल 99 छक्के व 388 चौके लगे हैं।

गौरतलब है कि क्वालीफायर मैच दो में एडमिन प्लेयर्स की टीम ने अकाउंट्स ब्रांच की टीम को 8 विकेट से हराया था। अकाउंट्स ब्रांच की ओर से दिए गए 205 रन के लक्ष्य को एडमिन प्लेयर्स टीम ने 19वें ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें एडमिन प्लेयर्स के कप्तान पवन शर्मा ने 60 गेंदों में 85 रनों की धुआंधार नाबाद पारी खेली। वहीं उनके साथ खेलने उतरे विस्फोटक बल्लेबाज रविन्द्र सैनी ने मात्र 31 गेंदों में 61 रन की आतिशी पारी खेलकर टीम को फाइनल में पहुंचाने का काम किया। अकाउंट्स ब्रांच टीम की ओर से पंकज जांगड़ा ने 41, आदित्य स्वामी ने 44 तथा शिव शंकर ने 41 रन की तूफानी पारी खेली।

### कमरे से हजारों रुपये की राशि व आभूषण चोरी

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र की एचबीसी कॉलोनी में मकान के प्रथम तल के कमरे से हजारों रुपयों की राशि व आभूषणों के चोरी होने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-14 एचबीसी कॉलोनी निवासी अंजू ने बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी। गत 19 नवंबर को देर शाम अपने घर पर काम कर रही थी। वह अपने मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे से ज्योत लगाने के लिए नीचे आ गई। उसके बाद वह पहली मंजिल पर पहुंची। कमरे के अंदर का सामान बिखरा हुआ था।

सामान की जांच की तो कमरे में रखी तीन लोहे की अलमारी से करीब चालीस हजार रुपये की राशि, छह सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली, सोने के लॉकेट, तीन तोले सोने का टुकड़ा, एक जोड़ी चांदी की पायल, बैंक की एफडी सहित अन्य सामान बिखरा हुआ मिला। जांच अधिकारी एसआई संजय कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# जिला रोजगार कार्यालय ने आयोजित किया जॉब फेयर

**मंच**

**रोजगार के अवसर मिलते हैं, बल्कि उन्हें अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच भी मिलता है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट और जिला रोजगार कार्यालय, पानीपत के संयुक्त प्रयास से 22 नवंबर को एक जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में *असिस्टेंट बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर* के पद के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 30 उम्मीदवारों का चयन किया गया।

****जिला रोजगार कार्यालय, पानीपत की भूमिका:** जिला रोजगार कार्यालय, पानीपत की ओर से सतबीर वर्मा , कपिल चौहान ने इस आयोजन में पूरा सहयोग प्रदान किया। डॉ. रितु चहल , जिला रोजगार कार्यालय पानीपत , ने इस कार्यक्रम को युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा, "इस प्रकार के जॉब फेयर से युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा।"

**कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट की पहल:** कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप कल्याणी ने बताया कि ट्रस्ट युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा, *"इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं, बल्कि उन्हें अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच भी मिलता है।

इस जॉब फेयर में कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर सुनील कुमार और मिस अनीका पंघाल ने इंटरव्यू टीम के रूप में अहम भूमिका निभाई। उनकी मेहनत और निष्पक्षता ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे को लेकर सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** में शुक्रवार को क्षेत्र के किसान एवं किसान प्रतिनिधि ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे सम्बन्ध में हंसराज राणा की अध्यक्षता में नायब तहसीलदार खरखौदा जिला सोनीपत से मिले और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने माँग की गईं की बीते 2 मार्च को ओलावृष्टि से तबाह हुई फसल का मुआवजा सभी किसानों को दिया जाए। मुआवजे में देरी व लापरवाही की उच्च स्तरीय जाँच की जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए। किसानों का कहना हैं कि इस विषय में किसानों ने अनेक बार अधिकारियों के कार्यालय में चक्कर काटे है, और कई बार सरकार को ज्ञापन भी सौंपे है लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद सोई हुई है। इस मौके पर हंसराज राणा, सुरेश, विकेश दहिया, बस्ती राम ,जिंदर, राजकुमार, हरपाल, प्रवेश, दीपक, संजय, कृष्ण, बिट्टू आदि मौजूद रहे।

### नकद पुरुस्कार आवेदन पत्र ऑनलाइन किए आमंत्रित: डीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग हरियाणा द्वारा एक अप्रैल 2024 तथा इसके बाद की खेल उपलब्धियों के आधार पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाशाली खिलाडियों के लिए नकद पुरस्कार के आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किए गये हैं। उन्होंने बताया कि पात्र खिलाड़ी अपने आवेदन विभाग के पोर्टल के माध्यम से जिला खेल अधिकारी को आवेदन करें। विभाग के पोर्टल का यूआरएलः हैं तथा पोर्टल का नाम कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) है।

# सादा शादियां एवं आध्यात्म का दिखा अनुपम दृश्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )** संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी सामूहिक सादा शादियों का एक ऐसा अनुपम दृश्य प्रदर्शित हुआ जिसमें भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों जैसे बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रद्रेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के अतिरिक्त दूर देशों जिनमें आस्ट्रेलिया, यू.एस.ए. इत्यादि प्रमुख है से शामिल हुए लगभग 96 नव युगल सतगुरु माता जी एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता जी की पावन हजूरी में परिणय सूत्र में बंधे तथा अपने मंगलमयी जीवन की कामना हेतु पावन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर निरंकारी मिशन के अधिकारीगण, वर-वधू के माता-पिता, सगे-सम्बन्धी एवं मिशन के अनेक श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति रहीं। सभी ने इस दिव्य नजारे का भरपूर आनंद प्राप्त किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आरम्भ पारम्परिक जयमाला एवं निरंकारी शादी के विशेष चिन्ह सांझा-हार द्वारा हुआ। उसके उपरांत भक्तिमय संगीत के साथ मुख्य आकर्षण के रूप में निरंकारी लावों का हिंदी भाषा में प्रथम बार गायन हुआ जिसकी प्रत्येक पंक्ति में नव विवाहित युगलों के सुखमयी गृहस्थ जीवन हेतु अनेक कल्याणकारी शिक्षाएं प्रदत्त थी। नव विवाहित युगलों पर सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी एवं वहां उपस्थित सभी जनों द्वारा पुष्प-वर्षा की गई और उनके कल्याणमयी जीवन हेतु भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह पावन आयोजन अपनी सादगी बिखेरता हुआ जाति, धर्म, वर्ण, भाषा जैसी संकीर्ण विभिन्नताओं से ऊपर उठकर एकत्व का सुदंर स्वरूप प्रदर्शित करता है।

# विद्यार्थी को समर्पित भावना के साथ कार्य करना होगा: हरपाल

**आह्वान**

**ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करके बड़े से बड़े संघर्ष में जीत हासिल की जा सकती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**
**स्थानीय** आर्य स्नातकोतर महाविद्यालय के सभागार में वीरवार को आयोजित किये जा रहे दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का समाज सेवी एवं शिक्षा मंत्री हरियाणा महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि महोत्सव में भाग लिया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करके बड़े से बड़े संघर्ष में जीत हासिल की जा सकती है। महोत्सव में पहुंचने पर स्मृति चिन्ह व फूल की मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया गया।

समाज सेवी हरपाल ढाडा ने कहा कि युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढना चाहिए व जब तक सफलता हासिल न हो तब तक प्रयास करने चाहिए। प्राइवेट क्षेत्र में भी रोजगार की अनंत संभावनाएं है। युवाओं को सरकारी ही नहीं प्राइवेट सैक्टर में भी भाग्य आजमाना चाहिए। हमेंशा साकारात्मकता के साथ अपने क्षेत्र में आगे बढ?ा चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ताकतवर देशों की श्रेणी में शामिल हो चुका है। आज स्थिति यह है कि जो देश कभी भारत से दूरी बनाते थे आज वे नजदीकी बनाने के लिए बेताब है। प्रधानमंत्री के ईमानदार प्रयासो से व देश के लोगों के सहयोग से भारत का कद ऊंचा हुआ है। आने वाले समय में आर्थिक दृष्टिकोण से भारत दुनिया का पांचवा राष्ट्र होगा।

प्रमुख समाज सेवी ने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। इसी लक्ष्य को लेकर सभी क्षेत्रों में ईमानदारी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपने जीवन से जुड़े कई संस्मरणों का हवाला देते हुए युवाओं को प्रेरित किया व प्रकाश डाला कि हर क्षेत्र मेहनत मांगता है। हमें मेहनत से जी नहीं चुराना चाहिए।

श्री ढाडा ने कहा कि जो विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान देगे वहीं आगे बढ़ेगे। युवा आगे बढ़ेगे तो देश आगे बढ़ेगा।

हर विद्यार्थी को देश के प्रति समर्पित भावना के साथ कार्य करने का उन्होंने आह्वान किया व साथ ही साथ इस बात पर प्रकाश भी डाला कि जो राष्ट्रआज मजबूत स्थिति में है उनके पीछे उस राष्ट्र के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# गोली मारकर हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सदर थाना** गोहाना क्षेत्र के गांव मोई हुड्डा में होली पर्व के दे दिन हुई कहासुनी में युवक की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपये जुमार्ना भी किया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव मोई हुड्डा निवासी राकेश ने सदर थाना गोहाना पुलिस को 19 मार्च, 2022 को बताया था कि 18 मार्च, 2022 को होली दिन शाम करीब चार बजे उसके भाई अशोक (35) की गांव के ही संदीप व चार अन्य के साथ कहासुनी हुई थी। इस दौरान बीच-बचाव होने के बाद सभी अपने घर चले गए थे। इसके बाद वह व उनके भाई अशोक बाइक लेकर खेत में चले गए थे। शाम करीब छह बजे जब वह वापस घर के पास पहुंचे तो गली में पांचों आरोपित उनके भाई नरेश को लाठी-डंडों से पीट रहे थे। इस पर वह नरेश को छुड़वाने लगे थे तो पांचों ने उन पर भी हमला बोल दिया था। इस दौरान संदीप ने पिस्तौल निकालकर उनके भाई अशोक को सिर में गोली मार दी थी। जिसके बाद हमलावर भाग गए थे। वह अपनी बाइक छोड़कर भागे थे। वह अशोक को लेकर रोहतक पीजीआई पहुंचे थे, वहां उनके भाई की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में पांच आरोपितों को नामजद किया था।

तत्कालीन थाना प्रभारी कर्मजीत सिंह की टीम ने मामले में संदीप व अन्य को गिरफ्तार किया था। अब मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र सिंह ने संदीप को दोषी करार दिया है। अन्य को बरी कर दिया गया। मामले में बृहस्पतिवार को अदालत ने संदीप को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

# गांवों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी: विधायक देवेंद्र

विधायक कादियान का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से पगड़ी व फूलमाला से स्वागत किया, गांवों में विकास कार्यों की मांग की

**वादा**

▶▶ गन्नौर हलका जो विकास के पक्ष में काफी पीछे रह चुका है उसका रिकॉर्ड तोड़ विकास किया जाएगा: विधायक



टीम एक्शन इंडिया
**गन्नौर: विधायक** देवेंद्र कादियान ने हलके गांवों में शुरू किए गए धन्यवादी दौरे के तहत शुक्रवार को तीसरे दिन हलके के गांव गुमड़, शेखपुरा, डबरपुर, उदेशीपुर, पांची जाटान, चटिया व सांदल कलां में आमजन से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। यहां विधायक कादियान का ग्रामीणों ने गर्मजोशी से पगड़ी व फूलमाला से स्वागत किया। इस दौरान गांव के मुखियाओं ने अपने गांवों में विकास कार्यों की मांग की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि वह हलके के लोगों की दिन-रात सेवा करते रहेंगे। गांवों की स्थिति का जायजा लिया और हर तरह की सुविधाएं प्रदान करने का भरोसा दिया। कादियान ने कहा कि गांवों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने का जो सपना उन्होंने देखा है उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। गन्नौर हलका जो विकास के पक्ष में काफी पीछे रह चुका है उसका रिकॉर्ड तोड़ विकास किया जाएगा ताकि गन्नौर हलका को अलग पहचान दिलाई जा सके। उन्होंने हलके के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मिशन में उनका संपूर्ण सहयोग करें हलके की हर छोटी-बड़ी समस्या को उन तक पहुंचाए तथा समस्याओं के हल के लिए सुझाव भी दें ताकि सभी समस्याओं का हल मिलजुल कर किया जा सके। विधायक के धन्यवादी दौरे के दौरान प्रशासनिक अमला साथ रहा है। गांव की प्रत्येक समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को नोट कराने के साथ सीमित समय में उसका समाधान करने के निर्देश दिए है। विधायक ने अधिकारियों को साफ संकेत दिए है काम में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कादियान ने कहा कि गांवों में कई कामों को टेंडर प्रोसेस पूरा हो चुका है। जल्द ही काम शुरू हो जाएंगे जिसके बाद ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी। शेखपुरा में सड़क का निर्माण कार्य ग्रेप-4 के कारण रोका गया है। प्रदूषण स्तर कम होते ही सड़क निर्माण अच्छी क्वालिटी के साथ तेज गति से होगा। इसके बाद ग्रामीणों व राहगीरों के लिए रास्ता सुगम बन जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम डा. निर्मल नागर, नायब तहसीलदार गजे सिंह, बीडीपीओ पूनम चंदा, पंचायती राज एसडीओ विपुल छौक्कर, पटवारी दिनेश गोस्वामी, गुमड़ में पूर्व सरपंच भरतु, शेखपुरा सरपंच कर्मबीर पहलवान, उदेशीपुर सरपंच आजाद, पांची जाटान सरपंच अशोक, चटिया सरपंच नीलम रानी, सांदल कलां सरपंच पवन रानी, मंजीत कुमार सरपंच, अंकित मल्होत्रा, दिनेश अदलखा, रणबीर फौजी, नफेसिंह, सोनू, रामबीर, पूर्व सरपंच भाना, महाबीर, सुनील पूर्व सरपंच, कुलदीप, काला पहलवान आदि मौजूद रहे।

**इन गांवों में ये काम जल्द होंगे शुरू-**
- शेखपुरा में वाल्मीकि चौपाल, शमशान घाट का कार्य डी प्लान से 20.47 लाख रुपए।
- डबरपुर में शिव धाम योजना से शमशान घाट में कार्य 20 लाख रुपए।
- उदेशीपुर में करीब 96 लाख रुपए की लागत से फिरनी कार्य।

## न्यूज फ्लैश

### थानेसर हल्के के घराड़सी और झिंझरपुर में आयोजित हुए नवीन संकल्प शिविर




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** :सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र थानेसर हल्के के गांव घराड़सी और झिंझरपुर में नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया गया। इन नवीन संकल्प शिविरों में दोनों गांव के लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन नवीन संकल्प शिविरों में 135 लोगों को परामर्श और दवाईयां दी गई जबकि 28 लोगों के टेस्ट किए गये हैं। दोनों गांवों के शिविरों में 88 लोगों के कागजात संबंधी कामों को पूरा किया गया। नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की जानकारी लेने के लिए 7 लोग इन दोनों गांवों के शिविरों में पहुंचे। उन्होंने बताया कि इन नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की सुविधा के लिए हर प्रकार के लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन संकल्प शिविरों में लोगों के पेंशन, आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाता है। सांसद नवीन जिन्दल ने स्वास्थ्य के प्रति अलख जगाने के लिए भी तीन मोबाईल मैडिकल यूनिट चलाई हुई हैं। इन तीनों यूनिटों के माध्यम से मरीजों को जांच, परामर्श और यूरिन-रक्त के टेस्ट करके निःशुल्क दवाईयां दी जाती है। मेधावी छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सांसद नवीन जिन्दल द्वारा छात्रवृति आरंभ की गई है। इन शिविरों में नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है। नवीन संकल्प शिविरों के अगले शेड्यूल के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अब थानेसर हल्के में अगले नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन 29 नवंबर को गांव दयालपुर और समसीपुर में किया जायेगा।

### कुवि इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में दो दिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि संस्थान में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चौबीस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रारंभिक राउंड एवं सैमी फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एडवोकेट राजेंद्र जुनेजा, साहिल मंगला, डॉ. पूनम लांबा, डॉ. पूजा, डॉ. प्रोमिला, मिस्टर यश, एडवोकेट विक्रम शर्मा, डॉ. ज्योति, एडवोकेट नवदीप सिंह,

# पार्सल छीनने वाले गिरोह के चौथे आरोपी से की पूछताछ



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**रिफाइनरी** रोड पर लोहा पुल के पास पार्सल देने जा रहे युवक से पार्सल छीनने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को वीरवार को पानीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर सीआईए वन पुलिस टीम ने पूछताछ की। आरोपी की पहचान मंजीत निवासी मतलौडा के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी रोहित व शौर्य निवासी मतलौडा व हरदीप उर्फ अजय निवासी डाहर व फरार अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर लूटपाट करने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके तीन आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया था वारदात में शामिल उनके साथी आरोपी मंजीत उर्फ कलवा का 26 अक्टूबर को जन्मदिन था। सभी ने रिफाइनरी लोहा पुल के पास बैठकर शराब पार्टी की। पार्टी में खर्च हुए पैसे पूरे करने के लिए उन सभी ने मिलकर बाइक सवार युवक से लूटपाट की उक्त वारदात को अंजाम दिया। पार्सल में कैमरा, केबल व बेल्ट थी। पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक बरामद कर तीनों आरोपियों को जेल भेजने के बाद आरोपी मंजीत व वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। थाना सदर में हर्ष पुत्र अशोक निवासी नारायणा ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह ट्रेककोन कंपनी में लगा हुआ है। 26 अक्टूबर को वह बाइक पर सवार होकर फ्लीटेक्स कंपनी के दो पार्सल की डिलीवरी देने के लिए रिफाइनरी जा रहा था। शाम करीब 5 बजे रिफाइनरी रोड पर लोहा पुल के पास 7/8 लड़कों ने उसके साथ हाथापाई की और पार्सल छीनकर फरार हो गए। थाना सदर में हर्ष की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला सुरेन्द्र सिंह भोरिया के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 21 नवम्बर 2024 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राम जतन उर्फ काकू निवासी अजैब कालोनी नजदीक रेलवे स्टेशन नाभा जिला पटियाला पंजाब को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री बग्गा सिंह निवासी नदी मौहल्ला अम्बाला शहर ने 20 नवम्बर 2024 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 नवम्बर 2024 को नदी मौहल्ला अम्बाला शहर में स्थित उसके घर के बाहर से किसी अज्ञात ने उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# संदीप की हत्या मामले में फरार तीसरा आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**जुर्म कबूला**

▶▶ आरोपी ने अपने साथी आरोपी सुनील व दीपक के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**सीआईए** वन पुलिस टीम ने सोनीपत के खिरजपुर गांव निवासी संदीप की हत्या मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी को बुधवार देर शाम भादड़ मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान विनोद निवासी सुताना के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी सुनील व दीपक उर्फ गोलू के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी विनोद को एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा व ट्रैक्टर ट्राली बरामद कर गहनता से पूछताछ करने के बाद शुक्रवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने बिते सितम्बर माह में हत्या की उक्त वारदात का पदार्फाश कर आरोपी सुनील व दीपक उर्फ गोलू निवासी सुताना को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में गांव निवासी विनोद व अपने अन्य कई साथी आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम देने बार स्वीकारा था। पूछताछ में आरोपी सुनील ने पुलिस को बताया था उसकी पत्नी का मृतक संदीप के साथ प्रेम प्रसंग था। संदीप को सबक सिखाने के लिए उसने पत्नी पर दबाव बना फोन करवा संदीप को 15 सितम्बर को अपने घर पर बुलाया। संदीप घर आया को आरोपी सुनील ने देर शाम अपने साथी आरोपियों के साथ मिलकर पाईप व डंडों से संदीप की पीटाई कर उसको कमरें में बंद कर दिया। 16 सितम्बर की सुबह संदीप की मौत हो चुकी थी। शव को पल्ली में बांधकर बाइक से सफीदों के पास नहर पर ले जाकर शव को नहर में डालकर अपने घर आ गए थे।

# दो लाख रुपये हड़पने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

▶▶ गिरफ्तार आरोपित दीपक राज उर्फ दीपक निवासी चिटाना हाल में विकास नगर का है

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत : शहर** थाना क्षेत्र में आपत्तिजनक फोटो खींचकर ब्लैकमेल करके करीब दो लाख रुपये हड़पने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक राज उर्फ दीपक निवासी चिटाना हाल में विकास नगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कल्याण नगर निवासी रामकुमार ने 14 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका एक मकान शहर में है। वह मकान को बेचना चाहता है। उसके पास दो जून के आखिरी सप्ताह में एक कॉल आई थी। कॉल किसी महिला ने की थी। महिला ने उनसे कहा था कि उन्होंने आपका मकान बाहर से देख लिया। इस पर उन्होंने महिला से पूछा था कि मकान आप खरीदना चाहती हैं या किसी दूसरे को दिलाना है। जिसके बाद कॉल डिस्कनेक्ट हो गई थी। उसके बाद 29 जून को किसी अन्य नंबर से कॉल की और कहा कि उन्हें ही मकान खरीदना है। साथ ही उन्हें कहा कि आप ककरोई चौक पर आ जाना। पीड़ित ने बताया कि वह उस दिन दिल्ली में थे। उन्होंने कहा कि वह एक या दो घंटे में आएंगे। इसके बाद जब वह सोनीपत शहर में आए तो उन्होंने उस नंबर पर कॉल की। उन्होंने पूछा कि आप ककरोई चौक पर कहां मिलेंगे। इस पर उन्हें एक घर का पता बताया गया। वह वहां गए तो घर के बाहर एक महिला मिली और उसने कहा कि आप अंदर आ जाओ, चाय-पानी पीने के बाद मकान देखने चलेंगे। वह उनके घर में चला गया। इस पर उसने दो महिलाओं व एक युवक को बुला लिया। उन दो महिलाओं व युवक ने जबरन उनके कपड़े उतार दिए और उन्हें निर्वस्त्र कर दिया। बाद में उनके फोटो खींच लिये। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उन्होंने उनकी जेब से जबरन 22 सौ रुपये निकाल लिए गए। फिर उनसे साढ़े तीन लाख रुपये की मांग की। उन्होंने इतने पैसे नहीं होने की बात कही।

# निवेश करने व ट्रेडिंग का झांसा देकर करीब 34 लाख रुपये की ठगी

**मुकदमा**

▶▶ साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत : जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठग लोगों की मेहनत की कमाई को झांसे देकर ठग रहे है। शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा व ट्रेडिंग में रुपये कमाने का लालच देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सुदामा नगर निवासी कपिल कुमार ने बताया कि उसके टेलीग्राम एप पर एक आईडी से संदेश आया। जिसमें उसे शेयर मार्केट व शेयर ट्रेडिंग सिखाने व मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। संदेश भेजने वाले ने खुद को बहुदेश्य कंपनी का कर्मचारी बताया। उसके बाद उसे अलग-अलग ग्रुप में जोड़ दिया। उसके बाद उसे रुपये लगाने का दबाव बनाया जाने लगा। जिसमे बदले 15 से 20 प्रतिशत मुनाफे का लालच दिया। उसे एसबीआई व पेटिएम कंपनी से समझौता करने व उसे नुकसान न होने की बात कही। साथ ही किसी प्रकार का नुकसान होने पर उसकी भरपाई के बारे में आश्वासन दिया। ठगों ने उससे कुल 3397224.8 रुपयों की ठगी कर ली। रुपये वापिस मांगने पर कोई जवाब नहीं दे रहे है। फर्जी वैबसाइट, फर्जी कागजातों के आधार पर खुलवाए गए खातों में उससे राशि को ठग लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# डॉ0 अरविंद शर्मा 25 नवंबर को करेंगे पिराई सत्र का शुभारंभ

**सोनीपत:**उपायुक्त एवं शुगर मिल्स सोनीपत के अध्यक्ष डॉ० मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ0 अरविंद शर्मा 25 नवंबर को प्रातः 10 बजे चीनी मिल, सोनीपत के पिराई सत्र 2024-25 का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सोनीपत से विधायक निखिल मदान, राई से विधायक कृष्णा गहलावत, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा तथा गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादयान मौजूद रहेंगे।

# डेंगू के 14 नए मरीज मिले, आंकड़ा 449 पर पहुंचा

**डेंगू का प्रकोप**

▶▶ बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के 14 मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की हैहुए सम्मेलन



टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत: जिले** में डेंगू, वायरल बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के 14 नए मरीज मिले है। बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के 14 मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 449 हो गई है। वहीं मलेरिया के मरीजों की संख्या 36 है। वहीं जिले में एक मरीज चिकनगुनिया का सामने आ चुका है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। वहीं डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बुधवार को जारी की रिपोर्ट में 13 नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की रिपोर्ट दी है। डेंगू का आंकड़ा चार सौ पार होते हुए 449 हो गया है।

# एसडी पीजी कॉलेज ने कराटे चैंपियनशिप में हासिल किया दूसरा स्थान

**टूर्नामेंट**

▶▶ 68 किलोग्राम भारवर्ग में कीर्ति ने स्वर्ण, 68 किलोग्राम भारवर्ग में जतिन और 84 किलोग्राम भारवर्ग में लकी ने रजत पदक जीता



टीम एक्शन इंडिया
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पुरुष कराटे चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल काके कॉलेज और जिले का मान बढ़ाया । यह टूर्नामेंट कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में 21 नवम्बर को सम्पन्न हुआ और इसमें एसडी पीजी कॉलेज की टीम ने अन्य टीमों को पछाड़ते हुए पुरुष कराटे में ओवरआल दूसरा स्थान पाया और 2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल किये । कराटे की व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में 84 किलोग्राम भारवर्ग में दीपांशु और 68 किलोग्राम भारवर्ग में कीर्ति ने स्वर्ण, 68 किलोग्राम भारवर्ग में जतिन और 84 किलोग्राम भारवर्ग में लकी ने रजत और 75 किलोग्राम भारवर्ग में अभिषेक और 55 किलोग्राम भारवर्ग में सोमीत ने कांस्य पदक हासिल किये । इन सभी खिलाड़ियों का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप के लिए हो गया है । कराटे के कई खिलाड़ियों ने तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रखी है । इसके साथ-साथ बॉक्सिंग में 60 किलोग्राम भारवर्ग में निशांत और 75 किलोग्राम भारवर्ग में नितेश ने कांस्य पदक हासिल किये । कुश्ती में भी कॉलेज के खिलाड़ी का प्रदर्शन शानदार रहा और रवि कुमार ने 65 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मैडल झटका । विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, प्रो अंकुश मलिक, प्रो आनंद, प्रो रुद्रा और ग्राउंड्समैन प्रताप सिंह ने किया । कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि दीपांशु, जतिन, कीर्ति, लकी, अभिषेक, सोमीत, निशांत, रितेश और रवि कुमार ने जो उपलब्धि हासिल की है वह हर विद्यार्थी के लिए गौरव और हर्ष का विषय है । इस जीत के पीछे इन सबकी लगन और कड़ी मेहनत का हाथ है । खेल सभी के जीवन में, विशेष रुप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । खेल गतिविधियां में शामिल होना हर व्यक्ति के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है । खेल न केवल शारीरिक ताकत प्रदान करते है बल्कि इनसे हम मानसिक रूप से भी शक्तिशाली और मजबूत बनते है । अब तो खेल हमें अपने पैरो पर भी खड़ा होने में मदद करने लगे है । विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना और फिर पदक जीतना अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**वारदात**

▶▶ न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। चाकू लगने से घायल युवक का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र में लैब से सैंपल की रिपोर्ट देने के निकले युवक पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सागर व रोहित निवासी तिहाड़ खुर्द सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। चाकू लगने से घायल युवक का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी मिली है कि आरोपितों ने रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। गांव बाघड़ू निवासी साहिद नागरिक अस्पताल के पास लैब पर काम करता था। वह नागरिक अस्पताल में 18 नवंबर को सैंपल की रिपोर्ट देने के लिए पहुंचा। उसके बाद गेटर नंबर-3 से बाहर निकला। वह सेक्टर-12 के पास पहुंचा। उसी दौरान अज्ञात युवकों ने उसे घेर लिया। उस पर पहले ईंट से हमला किया। उसके बाद चाकुओं से गोद दिया। भीड़ इकट्ठी होती देख हमलावर मौके से फरार हो गए। राहगीर ने घायल को सड़क पर देखा तो उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है।

मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मोहित के बयान दर्ज किए। जिसमें मोहित ने बताया कि गांव तिहाड़ खुर्द निवासी सागर व रोहित ने झगड़े की रंजिश रखते हुए उसके भाई पर चाकुओं से हमला कर हत्या का प्रयास किया।

# ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर में ट्रेनिंग ले रही महिलाओं को डाबर कीट देकर किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के (भारत) द्वारा गाँव पलवल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आज सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर में ट्रेनिंग ले रही महिलाओं को अपनी को स्पॉन्सर डाबर के सहयोग से कीट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ऊषा सिलाई-सेंटर की टीचर लक्ष्मी देवी मुख्यातिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर की टीचर लक्ष्मी देवी ने सेवा ट्रस्ट



के कार्यो की दिल से प्रशंसा की और कहा की सेवा ट्रस्ट सामाजिक कार्यो को लेकर बहुत ज्यादा कार्य कर रहा है खासकर महिला सशक्तिकरण को लेकर तो बहुत कार्य कर रहा है जिसके लिए ट्रस्ट बहुत ही बधाई का पात्र है। ट्रस्ट समय समय पर ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर पर सिलाई-कटाई सीखने वाली महिलाओं को सम्मानित करता रहता है सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा समस्त प्रांत में महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत

**सम्मान**

**सेवा ट्रस्ट यू.के (भारत) द्वारा गाँव पलवल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया**

महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर समानता ,सम्मान के अधिकार बोध का वह अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अनुभव करवाया जा सके। कुरूक्षेत्र के भी विभिन्न गांवो वह शहर मे हर रोज यह कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ये कार्यक्रम आज गाँव पलवल के ऊषा सिलाई-कटाई सेंटर में किया जा रहा है। जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस कड़ी में अब तक संस्था द्वारा स्कूली छात्रों ,वृद्धाश्रम, स्लम एरिया के लोगों ,आशा वर्कर्स, स्वास्थ्य, सफाई कर्मी व खिलाड़ियों आदि के लिए 1415 से ज्यादा सम्मान समारोह आयोजित कर लगभग छह लाख से ज्यादा लोगों को अपनी सह प्रयोजक डाबर इंडिया के सौजन्य से बूस्टर किट वितरित की जा चुकी है।

# नेशनल हाईवे पर खोले गए अवैध कट किए बंद, चलाया विशेष अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शहर भर में जाम ना लगे और यातायात सुचारु रुप से चल सके इसी उद्देश्य को लेकर नेशनल हाईवे की टीम, ट्रैफिक एसएचओ निरीक्षक सुखदेव वा नेशनल हाईवे विभाग के कर्मचारियों द्वारा हाईवे पर किए गए अवैध कटो को बंद किया गया । जानकरी देते हुए थाना यातायात प्रभारी सुखदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश मे काम करते हुए पुलिस ने नेशनल हाईवे-44 की टीम वा नेशनल हाईवे विभाग के कर्मचारियों द्वारा हाईवे पर किए गए अवैध कटो और अवैध कब्जे को हटाया गया है और साथ ही अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करते हुए करीब 50



से ज्यादा वाहनों के चालान भी किया गये। उन्होने बताया कि सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए नेशनल हाईवे पर अवैध कटों को बंद करने का काम शुरू हो गया है। नेशनल हाईवे की टीम, ट्रैफिक एसएचओ निरीक्षक सुखदेव वा नेशनल हाईवे विभाग के कर्मचारियों द्वारा नेशनल हाईवे 44 का मुआयना किया गया था। सर्वे के दौरान सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए नेशनल हाईवे पर अवैध कट को बंद करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए थे। उन्होने बताया कि नेशनल हाईवे पर जगह जगह पर अवैध कट खोले गए हैं, जिनसे हादसे होने का खतरा बना रहता है।

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने संत कबीर कुटीर में विस्तारक बन्धुओं को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा प्रदेश में देश के विभिन्न स्थानों से आए विस्तारक बन्धुओं को संत कबीर कुटीर में भेंट स्वरूप नारियल, शाल, देकर



सम्मानित किया । गांव झांसा के निवासी विस्तारक विनोद पाल होलकर जोकि पिछले 10 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं । विस्तारक विनोद पाल होलकर को इनके द्वारा किए गए देश हित में सेवाओं से आज देश व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी हुई है । विनोद पाल होलकर ने बताया कि करनाल ,पानीपत, आदमपुर, बड़ौदा, ऐलनाबाद,जींद जिला के विस्तारक के रूप में अपनी निस्वार्थ सेवा दी हैं और अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश सेवा में समर्पित किया है । प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, प्रदेश संगठन महामंत्री फडींनदर नाथ शर्मा, जिलाध्यक्ष सुशील राणा,का सदा आभारी रहूंगा की उन्होंने मुझे इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना व मान बढ़ाया और मुझे इस महायज्ञ में अपनी सेवाएं देने का मौका मिला और अपने दादा स्व. सरदार राम पाल ने जनसंघ में अपनी सेवाएं दी थीं इनके पदचिन्ह पर चलने का कार्य कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी उसे अच्छी प्रकार से निभाऊंगा।

### बंसीलाल जी के प्रधानाचार्य नियुक्त होने पर ढोल विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढोल में कार्यरत संस्कृत प्राध्यापक श्री बंसीलाल जी की पदोन्नति प्रधानाचार्य पद पर हो गई है। बंसीलाल जी ने 24 अप्रैल 1998 को सरकारी सेवाओं में कार्यभार ग्रहण किया था। इनकी प्रथम कार्य भूमि ढोल ही थी। इसके बाद बंसीलाल जी ने बारना ,हथीरा व फिर से ढोल में कार्यभार संभाला। प्रधानाचार्य के पद पर अब बंसीलाल जी जिला फतेहाबाद के ब्लॉक रतिया के हड़ोली गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अपनी सेवाएं देंगे।कल विद्यालय में बंसीलाल जी के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य व सभी अध्यापक साथियों ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य को अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात श्री बंसीलाल जी ने भी सभी साथियों का धन्यवाद किया।इस अवसर पर जिला विज्ञान विशेषज्ञ तरसेम शर्मा, अतुल शास्त्री, राजेश सैनी, टीक्का सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य, श्यामलाल, देवी दयाल, अंशुल खुराना व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

### सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए 25 दिसंबर तक मांगे आवेदन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार देने के लिए 25 दिसंबर 2024 तक आवेदन मांगे हैं। ये पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2025 को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस महिला ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने जीवन में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो या उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हों। श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार में 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल शामिल होंगे।

# महिलाओं-बच्चों को अपने अधिकारों का हो ज्ञान: सोनिया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईज चेयरपर्सन एवं एडवोकेट सोनिया अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में बेटियां अपने अधिकारों को लेकर पूरी तरह जागरुक हैं और हर क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर भाग ले रही हैं।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईज चेयरपर्सन एवं एडवोकेट सोनिया अग्रवाल शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित पावर वॉल्क फार वूमेन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग पूरे प्रदेश में ऐसे जागरुकता कार्यक्रमों का



आयोजन कर रहा है, इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में जागरुकता लाना है तथा उन्हें उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी देना है। वाईज चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने यह भी कहा कि आयोग द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए निरतंरता में कार्य किए जा रहे हैं। कानूनी अधिकारों के बारे समय-समय पर शिविर लगाकर उन्हें जागरुक करने का काम भी किया जा रहा है। पीड़ित महिलाओं की जो भी शिकायतें आयोग को प्राप्त होती हैं, उस पर सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को समझकर आयोग उनकी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में बताया तथा स्कूल के अध्यापकों

**जागरूक**

**हरियाणा राज्य महिला आयोग पूरे प्रदेश में ऐसे जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है**

से भी कहा कि समय-समय पर बच्चों के लिए जागरुकता सम्बंधी विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित करवाएं ताकि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी हो। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग द्वारा आज यहां पर कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य को जो कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई है, निसंदेह उससे काफी लाभ होगा।

# घर से निकली महिला संदिग्ध हालत में लापता

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में मोहन नगर नजदीक अनाज मंडी क्षेत्र से घर से पांच साल के बच्चे के साथ मायके जाने निकली महिला के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला के पति के बयान पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला व बच्चे की तलाश के प्रयास कर रही है।

मोहन नगर अनाज मंडी निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी कनिका घर पर रहती है। गत 20 नवंबर को दोपहर करीब 12.30 बजे उसकी पत्नी उसके पांच वर्षीय बेटे के साथ घर से दीनपुर नजफगढ़ दिल्ली के लिए

**तलाश**

**बच्चे के साथ मायके जाने निकली महिला के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया**

निकली थी, लेकिन वह दिल्ली नहीं पहुंची।

अपने स्तर पर दोनों को तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# रंगोत्सव में गोपाल दास को मिला पहला पुरस्कार



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र के कला शिक्षक *गोपाल दास ने आज पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय रंगोत्सव* में 3ऊशिल्प कला श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता हर साल हरियाणा राज्य के शिक्षकों के लिए आयोजित की जाती है। गोपाल दास की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और शिक्षकों में खुशी का माहौल है।इस अवसर पर जिले के शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा डीपीसी संतोष शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, एपीसी क्रांति चावला और एपीसी राजेश शर्मा ने भी गोपाल दास को बधाई दी।

# बारना के शहीद को आज श्रद्धासुमन अर्पित करेंगें ग्रामीण

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र,:** वर्ष 2001 में जम्मू कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में कनपटी पर गोली लगने से शहीद हुए गांव बारना निवासी सुरेंद्र कुमार की याद में 23 नवंबर दिन शनिवार को उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा आज शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने बताया कि श्रद्धांजलि समारोह में जिला परिषद के वाईस चेयरमैन डीपी चौधरी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी जयकुमार शर्मा अध्यक्षता



करेंगें। इनके अलावा गांव के सरकारी स्कूल में पढकर देश विदेश में नाम कमाने वाले इफको के पूर्व डीजीएम मांगेराम और साफ्टवेयर इंजिनियर व मोटिवेशनल स्पीकर राम नारायण मुख्य वक्ता के रूप में बच्चों में हौंसला जागृत करने का काम करेंगें। इस दौरान मेधावी छात्रों को पं. भिक्षा राम वेदवेदांगाचार्य सम्मान से पुरस्कृत किया जाएगा।

उन्होने बताया कि उमंग संस्था द्वारा 24 नवंबर दिन रविवार को बारना के ग्राम सचिवालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। शिविर में युवा रक्तदान कर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगें व आयुष विभाग की ओर से आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा जिसमें मरीजों का चैकअप कर दवाईयां फ्री दी जाएंगी।

# घर के सामने से दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़े दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। लपराना माजरा हाल में प्याऊ मनियारी निवासी सागर ने बताया कि उसके पास दो-पहिया वाहन था। जोकि उसकी पत्नी के नाम से है। गत 18 नवंबर को वाहन को अपने घर के बाहर खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद देखा तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# शिव नगरी काशी के कोतवाल कहे जाते हैं काल भैरव

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरूक्षेत्र :** जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को भैरव अष्टमी महायज्ञ आरम्भ हुआ। पवित्र मार्गशीर्ष माह और भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल के मार्गदर्शन में धर्मनगरी में पहली बार कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी त्रिपुरेश्वरी श्री दुर्गा देवी यज्ञशाला मंदिर में यह अनुष्ठान शुरू हुआ जिसमें काशी,उज्जैन, हरिद्वार और कुरुक्षेत्र के 108 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यजमानों से आहुतियां डलवाई गई। यज्ञाचार्य पंडित हरीश गोंदिया और अभिषेक कुश ने बताया कि यज्ञ आरंभ से पूर्व



क्षेत्रपाल पूजन,प्रायश्चित कर्म,पंचांग,योगिनी, वास्तु एवं नवग्रह पूजन किया गया। तत्पश्चात ब्राह्मणों को तिलक लगाकर वर्ण प्रदान किए गए। इस दिव्य अनुष्ठान में 41 ब्राह्मणों द्वारा काल भैरवाष्टक पाठ,21 ब्राह्मणों द्वारा अघोर यज्ञ,11 ब्राह्मणों द्वारा लघु रुद्र पाठ,11 ब्राह्मणों द्वारा चंडी यज्ञ और 31 ब्राह्मणों द्वारा भैरव यज्ञ में यजमानों से आहुतियां दिलवाई गई।

पंडित राजेश मौदगिल ने काल भैरव की पूजा

**उपासना**

**काशी,उज्जैन, हरिद्वार और कुरुक्षेत्र के 108 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा यजमानों से आहुतियां डलवाई गई**

का महत्व बताते हुए कहा की इनकी उपासना से भय,पाप और बुरी शक्तियों का नाश होता है। काशी के कोतवाल कहे जाने वाले काल भैरव की काशी में विशेष आराधना होती है और प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को भैरव भक्त उन्हें प्रिय वस्तु नारियल,काले उड़द और काले तिल इत्यादि अर्पित करते हैं।

# शिकायत के आधार पर गली में बना 3 फुट का जीना तोड़ा

टीम एक्शन इंडिया

**खरखौदा** के वार्ड 2 के रोहतक रोड पुलिस स्टेशन के नजदीक कुन्दनपुरी वासियो ने खरखौदा नगरपालिका को शिकायत दी थी, कि गली के किनारे पर स्थित एक व्यक्ति ने जबरदस्ती बहुत ही पुराना लोहे का गेट हटवा दिया हैं, और अवैध तरीके से गली में 3 फूट चौड़ा जीना गली में बना दिया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि जो लोहे का गेट लगा हुआ था, उसका एक पल्ला न होने के कारण उनकी आवासीय कॉलोनी में शरारती तत्व और बेसहारा पशुओं का आ



जाना शुरू हो गया है, जिससे चोरी आदि की कोई भी अप्रिय घटना होने का डर रहता है और बड़े बुजुर्गों और बच्चों को चोट लगने का भी अंदेशा रहता है। जिसपर नगरपालिका सचिव पंकज जून, ड्यूटी मजिस्ट्रेट अशोक कुमार नायब तहसीलदार, नगरपालिका स्टाफ और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे।

# यूजीसी मानकों के अनुसार तत्काल सुधार की मांग की

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा पुस्तकालय संघ (एचएलए) ने राज्य के सरकारी कॉलेजों और जिला पुस्तकालयों में पुस्तकालयाध्यक्ष/वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष पदों की योग्यता में संशोधन की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर एक बार फिर आवाज उठाई है। संघ ने हाल ही में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें पिछले पांच दशकों से चली आ रही इस विसंगति को उजागर किया गया।एचएलए के अध्यक्ष डॉ. रूपेश गौड़ ने बताया कि हरियाणा शिक्षा कॉलेज ग्रेड सेवा नियम, 1986 में निर्धारित



योग्यताएं अब पुरानी हो चुकी हैं। इन नियमों के तहत द्वितीय श्रेणी के साथ पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री या पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मानकों से मेल नहीं खाता, जो पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री, नेट योग्यता या पीएचडी की मांग करता है।डॉ. गौड़ ने कहा, "यह विसंगति उच्च योग्य उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी बाधा बन गई है और हमारे शैक्षणिक व सार्वजनिक संस्थानों में योग्य पेशेवरों की कमी का

**मांग**

**संघ ने हाल ही में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा, और विसंगति को उजागर किया गया**

कारण बन रही है।" उन्होंने यह भी कहा कि जहां सरकारी सहायता प्राप्त निजी कॉलेजों ने यूजीसी मानकों को अपना लिया है, वहीं राज्य संचालित संस्थान अभी भी पिछड़े हुए हैं।संघ के एक अन्य प्रतिनिधि, श्री प्रदीप बेनीवाल, ने कहा कि यह समस्या केवल कॉलेजों तक सीमित नहीं है। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में भी यही स्थिति है। "कई स्कूलों में पुस्तकालय हैं, लेकिन उनमें योग्य पुस्तकालयाध्यक्ष नहीं हैं। यह छात्रों में पढ़ने की आदतों और उनकी बौद्धिक क्षमताओं के विकास को बाधित करता है," उन्होंने कहा हरियाणा पुस्तकालय संघ की मुख्य मांगें इस प्रकार से हैं 1986 के सेवा नियमों को यूजीसी मानकों के अनुरूप संशोधित करना। सरकारी कॉलेजों और जिला पुस्तकालयों में यूजीसी मानकों और संशोधित सेवा नियमों के अनुसार योग्य पुस्तकालयाध्यक्षों की भर्ती शुरू करना। सीबीएसई मानकों के अनुरूप सरकारी स्कूलों में पेशेवर योग्य पुस्तकालयाध्यक्षों के पद सृजित करना।

# मोबाईल मेडिकल यूनिट आज गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाएंगी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता लाने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलाई जा रही है। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से प्रत्येक गांव और शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाई जा रही है। इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में एमबीबीएस डॉक्टर, लैब



टेक्निशियन और स्टाफ नर्स द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके परामर्श और निःशुल्क दवाईयां वितरित की जाती है। इतना ही नही इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में रक्त एवं युरिन के टेस्ट करने की भी सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को लाडवा हल्का के गांव दूधला और मसाना में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी जायेंगी।

**सेवाएं**

**स्टाफ नर्स द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां वितरित की जाती हैं**

# आदर्श नगर: धर्मार्थ अस्पताल में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

## प्रसिद्ध समाजसेवी राधेश्याम गोयल (मुरथल वाले) की जन्म जयंती पर किया गया कार्यक्रम आयोजित, हुआ भंडारे का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर स्थित धर्मार्थ अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श नगर सेवक सभा ने किया। यह कार्यक्रम प्रसिद्ध समाजसेवी राधेश्याम गोयल जी की जन्म जयंती पर आयोजित किया गया। आपको बातदें कि आदर्श नगर सेवक सभा की ओर से धर्मार्थ अस्पताल को बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राधेश्याम गोयल जी की जन्म जयंती मनाई गई। राधेश्याम गोयल जी के निधन के बाद से ही हर साल गोयल परिवार राधेश्याम गोयल जी के जन्मदिन के मौके पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच



शिविर और साथ ही भंडारे का आयोजन करता है। इस वर्ष भी स्वास्थ्य जांच शिविर और भंडारे व फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर आदर्श नगर क्षेत्र की कई नामचीन हस्तियां पहुंची। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रोशन कंसल, पूर्व पार्षद नवीन त्यागी, अमित गुप्ता, रामकुमार कंसल, राजू कोहली, महेश आनन्द, गोपाल जी, महेन्द्र सनपाल पप्पा, ओम खुराना, निशांत गोयल, विनय गोयल, मनीष, राजीव गोयल, मनीष कंसल, मास्टर जयकिशन गोयल, पवन जिंदल, राकेश जुनेजा, नितिन जैन, विजय तालरा, बालकिशन अग्रवाल, शशि भूषण गांधी, नवीन जैन, सुरेन्द्र त्यागी, मिस्टर त्यागी, विनोद गर्ग, मोहन गर्ग, रवि भारद्वाज, सन्नी, परमानन्द सिंघल, डॉ. आर शर्मा, पृथ्वीनाथ तिवारी, विपिन जी, सुरेन्द्र पुनयानी, मनोज गुप्ता, दीवान चंद गुप्ता, पवन जिंदल, ओम खुराना, प्रेम प्रकाश मल्होत्रा, जयकिशन सैनी, गोपाल गोयल कांडा, विजय गुप्ता, ऋषि अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में सभी प्रकार की बिमारियों की जांच की गई। शिविर में लगभग 270 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया और फल भी बांटें गये। रोशन कंसल ने यह भी बताया कि हम प्रत्येक माह इस प्रकार का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगायेगें।













### ग्रामीण-गांवों की भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा दिलाएगें: देवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली न्याय यात्रा के तीसरे चरण की शुरूआत करके दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने 14वें दिन झंडा फहराने के बाद पालम विधानसभा के बाल्मीकि मंदिर, पालम गांव से न्याय यौद्धाओं, हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं, कांग्रेस समर्थको और क्षेत्रीय लोगों सहित नई उर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़े। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा में दिल्ली की जनता द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने पर आभार प्रकट किया और कहा कि जनता की हिस्सेदारी से कांग्रेस समर्थकों को न्याय की लड़ाई लड़ने में अधिक मजबूती मिल रही है।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली स्थित वजीरपुर जेजे कॉलोनी के सर्वोदय विद्यालय में कोली कोरी समाज की वीरांगना, कोली-कोरी समाज की आन बान शान और अट्ठारह सौ सत्तावन की प्रथम ज्योति शिखा वीरांगना झलकारी बाई जी का 194वां जन्म जयंती समारोह बड़े उल्लास व हर्ष के साथ मनाया गया। जिसमें वीरांगना जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि देकर मिठाइयां बांटकर और बहुत ही सुंदर तरीके से मनाया गया।

इस मौके पर अखिल भारतीय युवा कोली/कोरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर खेमचंद कोली ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा उस स्थान को बहुत ही सुंदर तरीके से सजाया गया था। इसके तुरंत बाद वीरांगना झलकारी बाई जी के जन्म जयंती समारोह







के उपलक्ष में सामाजिक चिंतन बैठक व सामाजिक समीक्षा बैठक भी राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेम कुमार विद्यार्थी और संस्था की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा व वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के दिल्ली प्रदेश के कार्यालय में रखी गई थी। उन्होंने बताया कि यहां पर पुनः वीरांगना जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर करके समीक्षा बैठक को प्रारंभ किया गया। उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने भी वीरांगना झलकारी बाई जी के चित्र पर पुष्पांजलि की। इस मौके पर पर सभी का मुंह मीठा कराया गया और दोपहर का भोजन सभी ने वहां मिलजुल करके बड़े हर्षोल्लास के साथ किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कोली ने कहा कि मैं राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रेम कुमार विद्यार्थी और संस्था की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा व पार्षद चित्रा विद्यार्थी, नेपाल सिंह, सुदेश कोली, चरण सिंह कोली, दिल्ली महासचिव बाबूलाल, महासचिव डॉ हरी किशन माहौर, दिल्ली प्रदेश प्रभारी डॉ राजेश कुमार बजाज, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कोली, छोटे लाल, देशराज कोली व समस्त दिल्ली प्रदेश की टीम का इस सफल आयोजन हेतु आभार व्यक्त करता हूं।

मैं आप सभी को पुनः हृदय की गहराइयों से वीरांगना झलकारी बाई जी की194वीं जन्म जयंती के पावन पर्व पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

# जहांगीरपुरी में भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने लोगों में बाटें मास्क









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने प्रदूषण को देखते हुए मास्क का वितरण किया। इस मौके पर डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि दिल्ली में दमघोटू प्रदूषण से हर एक व्यक्ति परेशान है, लेकिन इसको लेकर दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी कोई प्लान नहीं ला पा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण की वजह से सबसे ज्यादा दमा के मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी हो रही है। लेकिन दिल्ली में शासित सरकार इस समस्या के समाधान पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता को पिछले कई सालों से प्रदूषण की समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन आम आदमी पार्टी इसका सोलूशन निकालने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, अभी भी कई कॉलोनियों में पानी गंदा आ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

# अमर शहीद 1857 की क्रांतिकारी वीरांगना झलकारी बाई जी की मनाई जयंती







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में अमर शहीद 1857 की क्रांतिकारी वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती पर उनकी मूर्ति पर पुष्प व मालाए अर्पित कर नमन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लाल सिंह आर्या राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा एससी मोर्चा, मोहन लाल प्रदेश अध्यक्ष एससी मोर्चा भाजपा, भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, पूर्व निगम पार्षद और भाजपा एससी मोर्चा मंत्री देवराज कोली, मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा सहित कार्यकर्ता तथा कोली समाज के लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली ने बताया कि झलकारी बाई के बारे में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी कविता में लिखा है कि 'जा कर रण में ललकारी थी, वह तो झांसी की झलकारी थी। गोरों से लडना सिखा गई, है इतिहास में झलक रही, वह भारत की ही नारी थी। पूर्व पार्षद देवराज कोली ने आगे बताया कि हम सभी को अमर शहीद 1857 की क्रांतिकारी वीरांगना झलकारी बाई जी के जीवन से सीख लेनी चाहिए और उनके बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने लोगों से कहा कि अपने बच्चों को शहीदों और भारतीय इतिहास की जानकारी अवश्य ही दें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

### 'चुनाव कैम्पेन लांच मंच से आतिशी का गायब रहना, उठा रहें है सवाल'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आज अरविंद केजरीवाल द्वारा जो रेवड़ी चर्चा को लेकर कार्यक्रम किया वो एक बहुत महत्वपूर्ण सवाल खड़ा कर गया है और दिल्ली वालों को लग रहा है की आम आदमी पार्टी का राजनीतिक समन्वय ठीक नहीं है। जिस मंच से अरविंद केजरीवाल ने रेवड़ी चर्चा कार्यक्रम घोषित किया तो उस वक्त मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना की अनुपस्थिति आश्चर्यजनक है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की जब भी किसी राज्य में सत्ताधारी दल कोई चुनाव कैम्पेन शुरू करता है।

# विधवा, बंजारे, दिव्यांग, दैवीय आपदा से पीड़ित, कुष्ठ रोगियों को मिलेंगे 445 आवास

## ग्राम्य विकास अधिकरण के परियोजना निदेशक बोले पहली बार इतना बड़ा लक्ष्य मुरादाबाद जिले को मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद : मुख्यमंत्री** आवास योजना के तहत जिले में 445 आवास बन जाएंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जिले के पहली बार 445 आवास देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस योजना में सरकार द्वारा मुख्य रूप से 18 से 40 साल की आयु में पति का देहांत होने के बाद बेसहारा विधवा महिलाओं को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इसमें विधवा महिलाओं के साथ बंजारे, दिव्यांग, दैवीय आपदा से पीड़ित, कुष्ठ रोगी व घुमंतू जाति के नटों को भी शामिल किया गया है। लाभार्थियों का चयन करके धनराशि दी जा रही है। जिला ग्राम्य विकास अधिकरण के परियोजना निदेशक




निर्मल कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि वर्ष 2020 में शुरू हुई मुख्यमंत्री आवास योजना में पहली बार इतना बड़ा लक्ष्य मुरादाबाद जिले को मिला। पहले वर्ष में 20 आवास और पिछले वर्ष में अधिकतम 130 आवास मिले थे। लेकिन इस बार जिले आठ ब्लाकों से दैवीय आपदा, कुष्ठ रोगी, नट, बंजारा, दिव्यांगों और सबसे अधिक सरकार ने 18 से 40 वर्ष तक की विधवा महिलाओं को हिस्से में 166 आवास आए हैं। 200 विधवा महिलाओं ने आवेदन किए थे। दैवीय आपदा के 225 आवेदनों में से 39, कुष्ठ रोगियों के 10 आवेदन में से छह को, दिव्यांगों के 200 आवेदन में से 160 को, नट जाति से आने वाले आवेदनों में से 20 में 13 को, बंजारा बिरादरी के 80 आवेदन में से 61 को आवास दिए गए हैं। परियोजना निदेशक ने आगे बताया कि आठों ब्लाक से 640 आवेदनकताओं के नाम भेजे गए थे। जिसमें सरकार की और से 70 प्रतिशत लक्ष्य निधारित किया है। जिसके सापेक्ष सभी को श्रेणियों के आवेदनकताओं में आवास बांटे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार चयन प्रक्रिया में भी सरकार ने थोड़ी राहत दी है। जिसमें पहले मासिक आय 10 हजार महीना था। इसे बढ़ाकर अब 15 हजार रुपये मासिक कर दिया है।

**इस तरह आवास बनाने को मिलेगी धनराशि:** पहली किस्त में लाभार्थी को 40 हजार, दूसरी किस्त में 70 हजार, तीसरी किस्त में 10 हजार रुपये मिलेंगे। 12 हजार रुपये शौचालय के लिए सरकार देगी। 18 हजार रुपये मनरेगा से काम कराने के लिए मिलेगा।

# बुंदेलखंड की जमी पर मूंगफली की बंपर पैदावार से किसानों के चेहरे खिले

## कई गुना मुनाफा होने से खेती का लगातार बढ़ रहा ग्राफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुरः बुंदेलखंड** की धरती पर इस बार मूंगफली की बंपर पैदावार होने से किसानों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। मूंगफली की उपज से किसानों को बड़ा मुनाफा मिलने के कारण अब इसकी खेती का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में मूंगफली की खेती करने वाले किसानों की तकदीर भी बदल रही है। बुंदेलखंड के चित्रकूट धाम मंडल में इस बार मूंगफली की बंपर पैदावार से किसानों में बड़ी खुशी देखी जा रही है। परम्परागत खेती के साथ किसान मूंगफली की खेती से अपनी तकदीर ही बदल रहे है।

**पैदावार**

**⏩ मूंगफली में कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन ई, आयरन और जिंक प्रचुर मात्रा में होती है**

बुंदेलखंड की मूंगफली की भी उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों में भी बड़ी डिमांड होने के कारण पिछले साल की तुलना में इस साल डेढ़ गुना हेक्टेयर एरिया में मूंगफली का उत्पादन होने से किसान गदगद है। मूंगफली की खेती करने वाले चन्द्रपाल राजपूत, ऋषि शुक्ला व राजेन्द्र सिंह समेत तमाम किसानों ने बताया कि यहां की मूंगफली ऊपर से क्रीम कलर में होती है। लेकिन खाने में ये बड़ी ही टेस्टी होती है। इसीलिए इसकी डिमांड महानगरों में ज्यादा है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉं.दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि मूंगफली सेहत के लिए बड़ी ही मुफीद होती है। इसके खाने से सर्दियों में ठंड का अहसास कम होता है। कृषि वैज्ञानिक डॉं.एसपी सोनकर का कहना है कि मूंगफली में कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन ई, आयरन और जिंक प्रचुर मात्रा में होती है। इसके सेवन से कुपोषण जैसी बीमारी से बच्चे महफूज रहते है।

## संक्षिप्त खबरें

### अधिवक्ता की पीट-पीट कर हत्या, वकीलों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

**प्रयागराज**

**दो** दिन पहले बदमाशों के हमले में घायल अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को साथी अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और वह पुलिस कमिश्नर ऑफिस के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि शनिवार को पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष व अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला उर्फ गुड्डू पर जानलेवा हमला किया गया था। शिवकुटी थाना क्षेत्र में रीवर फ्रंट का निर्माण हो रहा है। इसके चलते ठेकेदार और कर्मचारियों की गाड़ियों का आवागमन रहता है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 10 बजे सलोरी क्षेत्र से ठेकेदार की स्कार्पियों गुजर रही थी। इस दौरान अखिलेश और ठेकेदार में विवाद हो गया। लोगों के बीच बचाव के बाद किसी तरह मामला शांत हो गया। बताया जाता है कि थोड़ी देर बाद ठेकेदार कर्मचारियों के साथ आकर अखिलेश से मारपीट शुरू कर दी। साथ ही उसके सिर पर रिवॉल्वर बट से हमला कर दिया।

### बैंक लॉकर से 81 लाख रुपए की ज्वेलरी गायब होने का मामला

**जालौन**

**एसबीआई** के लॉकर से 81 लाख के जेवर गायब होने का मामला सामने आया है। उरई कोतवाली क्षेत्र में स्थित एसबीआई की शाखा में यह घटना हुई है। पीड़ित ग्राहक आनंद स्वरूप ने बैंककर्मियों पर आरोप लगाया है कि उनके लॉकर से 81 लाख रुपए के जेवर चोरी किए गए हैं। इस मामले की शिकायत पीड़ित ग्राहक ने पुलिस से की है और मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। बैंक स्टाफ ने इस मामले पर चुप्पी साध रखी है। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की उम्मीद है। वहीं मामला तूल पकड़ता देख शुक्रवार को बैंक कर्मियों ने भी पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया है कि पीड़ित ने मामले की शिकायत की है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस मोमेंटम फंड'

**गाजियाबाद ।** हाल के वर्षों में एक निवेश रणनीति के रूप में मोमेंटम इनवेस्टमेंट ने भारत में महत्वपूर्ण रफ्तार हासिल की है, क्योंकि निवेशक तेजी से देश की गतिशील अर्थव्यवस्था के भीतर बाजार के रुझान और विकास के अवसरों को भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इस व्यवहार का लाभ उठाने के लिए, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस मोमेंटम फंड पेश किया है। यह मोमेंटम थीम का पालन करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। एक मजबूत ढांचे के लिए एक संरचित और मॉडल-आधारित दृष्टिकोण के साथ, योजना का निवेश उद्देश्य मोमेंटम थीम के आधार पर इक्विटी और इक्विटी से संबंधित प्रतिभूतियों के पोर्टफोलियो से निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि के अवसर उत्पन्न करना है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि योजना का निवेश उद्देश्य हासिल किया जाएगा। एक्सिस मोमेंटम फंड के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए एक्सिस म्यूचुअल फंड के एमडी और सीईओ श्री बी गोपकुमार ने कहा, भारत की उभरती अर्थव्यवस्था उन लोगों के लिए अलग-अलग अवसर प्रस्तुत करती है जो बाजार के रुझानों का प्रभावी ढंग से लाभ उठा सकते हैं। मोमेंटम निवेश, एक ऐसी रणनीति है, जिसे वैश्विक स्तर पर व्यापक रूप से अपनाया गया है। यह रणनीति भारतीय संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहाँ तेजी से क्षेत्रीय बदलाव और विकसित होते बाजार की गतिशीलता निरंतर बेहतर प्रदर्शन के अवसर पैदा करती है। इसी दौर में एक्सिस मोमेंटम फंड को लॉन्च करना दरअसल निरंतर इनोवेशन करने और निवेशकों को अत्याधुनिक निवेश रणनीतियों तक पहुँच प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। हमारा यह कदम विकसित होते बाजार की गतिशीलता के साथ जुड़ा हुआ है। मोमेंटम निवेश की शक्ति का उपयोग करके, हमारा लक्ष्य विकास के नए रास्ते खोलना है, जो हमारे निवेशकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक अलग दृष्टिकोण प्रदान करता है।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की ग्रामीणों ने जबरन कराई शादी

**जालौन :कालपी** कोतवाली के चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर निवासी संतोष सेंगर का 20 वर्षीय पुत्र गुलाब का कई दिनों से मलथुआ निवासी उनके रिश्तेदार गजराज सिंह चंदेल की पुत्री प्रांशु के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। अभी कुछ दिन पहले अपने घर नूरपुर आया था। फोन पर दोनों की बातचीत होती रहती थी। बताया गया कि लड़के के घरवाले शादी के लिए राजी नहीं थे। शुक्रवार की सुबह गुलाब अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंचा था। जिसकी भनक लड़की के घरवालों को लगी तो उन्होंने सोचा कि कहीं युवक उसकी लड़की को भगा न ले जाए।

# आर्केस्ट्रा के कलाकारों से भरी गाड़ी खड़े ट्रक से टकराई, दो की मौत

## 5 अन्य गंभीर रूप से घायल, कटर से काटकर निकाला गया गाड़ी में फंसे हुए लोगों को

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः शुक्रवार सुबह** तड़के खजुराहो-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंगरा के समीप सड़क पर खड़े ट्रक में इको वैन में जा घुसी। जिससे उसमें सवार एक महिला कलाकार समेत चालक की मौत हो गई। पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सभी को मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इको वैन क्रमांक यूपी 98 बी जेड 2225 में सवार आरकेस्ट्रा की टीम मऊरानीपुर की ओर से किसी कार्यक्रम से वापस लौट रही थी। आज सुबह करीब छह बजे



जैसे ही गाड़ी खजुराहो राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उल्दन थाना क्षेत्र स्थित बंगरा चौकी के पास पहुंची। तभी सड़क पर खड़े ट्रक क्रमांक एमपी 53 एच ए 2275 में जा घुसी। जिससे कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बड़ा भीषण था। घटना की सूचना पर तत्काल उल्दन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फसे सभी लोगों को उपचार के लिए निकाल कर अस्पताल भिजवाया। जहां एक महिला कलाकार और गाड़ी चालक की मौत हो गई। वही एक महिला और चार साथी गंभीर रूप से घायल है, जिनका मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। उल्दन थाना प्रभारी दिनेश कुरील के मुताबिक अभी किसी के नाम की जानकारी नहीं मिली है। हादसे में दो की मौत हो हुई है, पांच की हालत गंभीर बनी है। बताया जा रहा है कि सभी राठ में ऑरकेस्ट्रा के कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर वापस झांसी जा रहे थे। ट्रक से टकराकर वैन बुरी तरह से ट्रक में फंस गई थी, उसे कटर से काटकर निकाला गया। तब जाकर फंसे हुए लोगों को निकाला जा सका।

**हादसा**

**⏩ मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही करते हुए सभी को मेडिकल कॉलेज भेज दिया है**

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर घायल, हॉस्पिटल में भर्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः मुंगराबादशाहपुर** पुलिस व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुए पुलिस मुठभेड़ में शुक्रवार को दो तस्कर घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से तमंचा कारतूस, चोरी की भैंसे, वाहन, मोबाइल व नकदी बरामद किया है। इस मामले में जानकारी देते हुए शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे सघन अभियान के क्रम में बीती रात एक महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर रामनगर पानी टंकी के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान पिकअप सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे उनको पुलिस ने पीछा किया। इस पर पिकअप सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया और उतरकर भागने लगे। पुलिस द्वारा आत्मरक्षक फायर में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। मौके से दोनों को हिरासत में लिया गया है। बदमाशों की पहचान पंचम प्रजापति पुत्र सुखराम प्रजापति निवासी ग्राम सुकरना थाना सरपतहा जनपद जौनपुर, संतोष पुत्र ब्रान्डी हरिजन निवासी ग्राम नरायनपुर थाना करौन्दी कला सुल्तानपुर हैं। जिन्हे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। इनके पास से पिकअप तमंचा कारतूस और तीन भैंस बरामद हुई है जो तस्करी के लिए ले जाया जा रहे थे।

## अपने क्वार्टर में फांसी के फंदे पर लटके मिले जेई नलकूप

**टीम एक्शन इंडिया**

**बिजनौरः जनपद** के चांदपुर में स्थित नलकूप खण्ड कालोनी के अपने क्वार्टर में जेई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया है कि जेई केशव कुमार का क्वार्टर काफी देर तक नही खुलने पर पड़ोसी ने गेट खुलवाने के प्रयास किये पर कोई उत्तर नही मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पहुचीं पुलिस ने दरवाजा तोडा.। कमरे में छत के हुक से रस्सी पर लटके जेई का शव लटका मिला।

# आईएमटीएमए बेंगलुरु में अगले जनवरी में आयोजित करेगा सबसे बड़ा मशीन टूल और मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी शो

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार। इमटेक्स** 2025, इसके साथ आयोजित होने वाले टूलटेक और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग शो के साथ कई मानकों पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारतीय मशीन टूल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमटीएमए) द्वारा बेंगलुरु इंटरनेशनल एक्सहिबिशन सेंटर (इक्एउ) में 23-29 जनवरी 2025 तक आयोजित होने जा रहा है

**इमटेक्स 2025 में होगाः**

* 90,000 वर्ग मीटर प्रदर्शनी क्षेत्र
* 1100+ प्रदर्शक
* 23 देशों की भागीदारी
* 2000+ व्यापार प्रतिनिधिमंडल
* 100,000+ व्यापारिक आगंतुक
* अंतरराष्ट्रीय खरीदार-बेचने वालों की मुलाकात
* उद्योग/अकादमिक प्रतिनिधित्व
* वैश्विक अवसर और नेटवर्किंग

यह प्रदर्शनी सीएनसी मशीनीकरण, टूलिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, सीएडी/कैम, मेट्रोलॉजी, और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजीज के अत्याधुनिक समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेगी, जो भारतीय मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को बदलने में मदद करेगी।शो के बारे में बताते हुए, राजेंद्र एस. राजामने, अध्यक्ष - आईएमटीएमए कहते हैं, " इमटेक्स भारतीय मशीन टूल उद्योग के लिए एक बहुप्रतीक्षित शो है क्योंकि यह कंपनियों के लिए नए उत्पाद लॉन्च करने, विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग उद्योगों के लिए अपनी तकनीकी प्रगति प्रस्तुत करने का एक उपयुक्त मंच है। आज के एक प्रमुख वैश्विक मशीन टूल शो के रूप में, इमटेक्स भारत और अन्य कई देशों से आगंतुकों को आकर्षित करता है। हम इमटेक्स 2025 में 30 से अधिक देशों के आगंतुकों को देखने की उम्मीद कर रहे हैं।"

" इमटेक्स एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र है जो पूरे मैन्युफैक्चरिंग समुदाय की विभिन्न गतिविधियों को समर्थन करता है। इमटेक्स में भाग लेने वाला हर कोई कुछ न कुछ लाभ प्राप्त करता है। हमारे पास सेमिनार, अंतरराष्ट्रीय खरीदार-बेचने वालों की मुलाकात, अकादमिक-उद्योग सहयोग, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल, और कई अन्य गतिविधियाँ हैं। आगंतुक अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं और इन गतिविधियों में भाग ले सकते हैं, इसके लिए प्री-रजिस्ट्रेशन अब पर खुला है," कहते हैं श्री जिबाक दासगुप्ता, महानिदेशक एवं सीईओ, आईएमटीएमए। टूलटेक 2025 और डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग 2025, इमटेक्स 2025 के साथ-साथ होने वाले शो होंगे, जिनमें उपकरणों और एक्सेसरीज के साथ-साथ भविष्यवादी प्रौद्योगिकियाँ भी प्रदर्शित की जाएँगी।

# 25 हजार का इनामी फरार गौ तस्कर मुठभेड़ में घायल

## रक्सा व स्वाट पुलिस की टीम को मिली सफलता, बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसीः गौकशी** के आरोप में करीब दो वर्ष से फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश से देर रात रक्सा थाना पुलिस और स्वाट की सयुंक्त टीम की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस सहित बाइक बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रक्सा थाना पुलिस और



स्वाट टीम फरार इनामिया की तलाश में लगे थे। तभी सूचना मिली एक बदमाश जो गोकशी के आरोप में पुलिस की पकड़ से लंबे समय से फरार चल रहा है। उस पर झांसी पुलिस की ओर से पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित है। कही भागने की फिराक में है। इस सूचना पर स्वाट और रक्सा पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी को रक्सा के ग्राम आठोंनंदना के जंगलों में तलाश शुरू की। तभी अंधेरे का लाभ उठाकर बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। जबाब में पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए फायरिंग कर दी। जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में जा लगी और वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी गौकशी के आरोप में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा था और इस पर पच्चीस हजार का इनाम घोषित था।

# श्री राम से जुड़ी एक और नगरी को भव्य स्वरूप दे रही योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज : योगी** सरकार प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। प्रयागराज नगरी के साथ ही जिले में गंगा किनारे स्थित निषादराज गुह्य की राजधानी रहे श्रृंगवेरपुर धाम का भी कायाकल्प सरकार कर रही है। श्रृंगवेरपुर धाम में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के साथ रूरल टूरिज्म की भी सम्भावनाएं विकसित हो रही हैं।

**मिल रहा है भव्य स्वरूपः** रामनगरी अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के भव्य निर्माण और गर्भग्रह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब प्रभु राम के अनन्य भक्त निषादराज की राजधानी



श्रृंगवेरपुर को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। यूपी की पूर्व की सरकारों में उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ अब रूरल टूरिज्म के साथ भी जोड़ कर विकसित किया जा रहा है।

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि श्रृंगवेरपुर धाम के कायाकल्प का कार्य समापन पर है। इसके अंतर्गत यहां 3732.90 लाख रुपये की लागत से निषादराज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कार्य दो फेज में किया गया है। निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण हेतु 1963.01 लाख रुपये के बजट से निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति के पैडेस्टल का कार्य, पोडियम का कार्य, ओवर हेड टैंक, बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार का निर्माण, गार्ड रूम आदि कार्य कराया गया। इसी तरह श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-2) के 1818.90 लाख रुपये के बजट से भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से सम्बन्धित गैलरी, चित्रांकन, ध्यान केन्द्र, केयर टेकर रूम, कैफेटेरिया, पॉथ-वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक, कियास्क, पार्किंग, लैंड स्केपिंग, हॉर्टिकल्चर, आउटर रोड, सोलर पैनल, मुक्ताकाशी मंच आदि कार्य कराए गए हैं। 6 हेक्टेयर में बनाए गए इस भव्य पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

**रूरल टूरिज्म का हब बनेगी निषादराज की नगरीः** धार्मिक और आध्यत्मिक पर्यटन के साथ श्रृंगवेरपुर धाम को ग्रामीण पर्यटन के साथ जोड़कर विकसित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। अपराजिता सिंह के मुताबिक रूरल टूरिज्म के अन्तर्गत श्रृंगवेरपुर धाम को विकसित किये जाने के लिए सबसे पहले यहां ग्रामीण क्षेत्र में होम स्टे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# मॉडर्न टेक्नोलॉजी के जरिये नई जिंदगी: रोबोटिक सर्जरी से एंडोमेट्रियोसिस का इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः ज**टिल स्त्री रोगों के उपचार में एक बड़ी प्रगति करते हुए, गुरुग्राम के सी. के. बिड़ला अस्पताल में प्रसूति एवं स्त्री रोग निदेशक डॉ. अरुणा कालरा ने अत्याधुनिक रोबोटिक-एसिस्टेड सर्जरी का उपयोग करके स्टेज-4 एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित एक युवा महिला का उसके 20 के दशक के अंत में सफलतापूर्वक इलाज किया है।

रोगी को कई वर्षों से पेडू के दर्द की समस्या थी जो लगातार बढ़ती जा रही थी, जिसमें मासिक धर्म के दौरान गंभीर दर्द, पूरे महीने लगातार असुविधा, तथा मूत्र और मल त्याग करते समय दर्द होता था। चिकित्सकीय जांच के बाद, इस महिला के स्टेज-4 एंडोमेट्रियोसिस से ग्रसित होने का पता चला जिसमें एंडोमेट्रियोटिक प्रत्यारोपण ने उनके अंडाशय, मूत्राशय और आंतों को नुकसान पहुंचाया।

उनकी स्थिति के आरंभिक चरण को देखते हुए, डॉ. कालरा ने रोगी की प्रजनन क्षमता बनाए रखते हुए डीप-सीटेड एंडोमेट्रियोटिक घावों को हटाने के लिए रोबोट-एसिस्टेड सर्जरी का सुझाव दिया। डॉ. कालरा ने कहा, शुरू में रोबोटिक टेक्नोलॉजी के बारे में हिचकिचाहट महसूस करने के बाद रोगी को यह जानकर राहत मिली कि रोबोटिक प्रणाली बेहतर सटीकता, कंट्रोल और 4डी विजुअलाइजेशन में मददगार है।

**उपचार**

**⏩ रोबोटिक प्रणाली बेहतर सटीकता, कंट्रोल और 4डी विजुअलाइजेशन में मददगार है**

# सरकार कर रही निष्पक्ष-पारदर्शी भर्तियां: योगी

## 701 वन दरोगाओं को सीएम योगी ने दिया नियुक्ति पत्र, साढ़े सात वर्षों में 7 लाख से अधिक नौजवानों को दी नौकरी

**सौगात**

**सभी नव नियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया: सीएम योगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 701 वन दरोगाओं का नियुक्ति पत्र वितरण किया। शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन सभागार में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों और सरकारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हुए सभी नव नियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश में व्याप्त भाई-भतीजावाद को खत्म कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। सीएम योगी ने कहा कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष थी, जिसमें मेरिट के आधार पर युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मौका दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (वढररउ) की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से अब तक सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिणाम है कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

**प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया से भाई-भतीजावाद और भेदभाव को खत्म किया - सीएम**

सीएम योगी ने कहा कि पहले जब उत्तर प्रदेश में कोई भर्ती निकलती थी तो महाभारत के रिश्ते एक साथ टपक पढ़ते थे। हम लोगों ने इस पूरी भर्ती की प्रक्रिया से सारे नातेदारी और रिश्तेदारी को खत्म किया है। सीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और विभाग को बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा गया कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता हमारे परिवार का हिस्सा है और कोई भी भेदभाव उनके साथ नहीं होना चाहिए, किसी भी नौजवान के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि आपने देखा होगा कि सारी प्रक्रियाओं को बेहद पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा रहा है।

### साढ़े सात वर्ष में यूपी ने अपनी अर्थव्यवस्था दोगुनी की - सीएम योगी आदित्यनाथ

सीएम योगी ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश ने अपने अर्थव्यवस्था को लगभग दोगुनी करने में सफलता प्राप्त की है। प्रति व्यक्ति आय दोगनी हुई है। 7 लाख से अधिक नौजवानों को तो हम सरकारी नौकरी दे दिए हैं और हम दो करोड़ से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी का अवसर प्रदान करने सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश परंपरागत उद्यम को पुनर्जीवित किया है। आज प्रदेश में रोजगार की कमी नहीं है और यह तो हमारा सौभाग्य है कि देश का सर्वाधिक युवा हमारे पास है और वह कामकाजी है स्किल मैनपॉवर है, उसकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ हम राज्य के लिए ले रहे हैं। कोई सरकारी नौकरी के माध्यम से कोई स्टार्टअप के माध्यम से कोई एमएसएमई के माध्यम से जीवन के अलग-अलग फील्ड में जा करके वह अपना योगदान दे रहा है।

**सरकारी नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर रही सरकार - योगी**

सीएम योगी ने कहा कि नवनियुक्त 701 वन दरोगाओं में 140 महिलाएं शामिल हैं, जो महिला आरक्षण नीति के तहत किए गए प्रयासों का प्रमाण है।

# श्रृंगवेरपुर धाम का भी कायाकल्प कर रही सरकार



**पर्यटन**

**श्रृंगवेरपुर धाम में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के साथ रूरल टूरिज्म की भी संभावनाएं विकसित हो रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः** योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। प्रयागराज नगरी के साथ ही जिले में गंगा किनारे स्थित निषादराज गुह्य की राजधानी रहे श्रृंगवेरपुर धाम का भी कायाकल्प सरकार कर रही है। श्रृंगवेरपुर धाम में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के साथ रूरल टूरिज्म की भी संभावनाएं विकसित हो रही हैं।

राम नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के भव्य निर्माण और गर्भ ग्रह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब प्रभु राम के अनन्य भक्त निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। यूपी की पूर्व की सरकारों में उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई पहचान दी है। सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ अब रूरल टूरिज्म के साथ भी जोड़ कर विकसित किया जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## ऑनलाइन खरीदारी से छोटे व्यापारी चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** भारतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन से स्थानीय व्यापारियों को हो रहे नुकसान पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापार मंडल अगले माह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेगा और छोटे-मझोले व्यापारियों का मुद्दा उठाएगा। हाथीवरगला कैंट रोड स्थित मंडल के मुख्यालय पर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में भारतीय व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने कहा कि ऑनलाइन खरीदारी के कारण देहरादून के हजारों व्यापारी मायूस होते जा रहे हैं। धीरे-धीरे छोटे और मझौले व्यापारी इससे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई व्यापारी अपने धंधे को बदलने के बारे में सोच रहे हैं तो कुछ ने अपना व्यापार ही बंद कर दिया है। विशेष रूप से कपड़े, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, राशन की दुकानें, जूते-चप्पल की दुकानें और आर्टिफिशियल ज्वैलरी जैसे क्षेत्रों पर इसका सबसे अधिक असर पड़ा है। सतीश अग्रवाल ने कहा कि छोटे और मझौले व्यापारियों के लिए यह संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि ऑनलाइन व्यापार और स्थानीय व्यापारियों के बीच एक सीमा निर्धारित की जाए ताकि ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रभाव से स्थानीय छोटे दुकानदार व व्यापारी अपना रोजगार न खो दें। इसके लिए एक उचित नियमावली लागू करने की आवश्यकता है ताकि स्थानीय व्यवसायियों का हित सुनिश्चित किया जा सके।

## मेडिकल कॉलेज की घटना का उपचुनाव परिणामों पर होगा असर

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजे शनिवार को घोषित किए जाएंगे। इस बीच यह सवाल उठ रहा है कि आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना का इन चुनाव परिणामों पर कोई असर होगा या नहीं। ये छह विधानसभा सीटें सीताई (कूचबिहार), मदारीहाट (अलीपुरद्वार), तालडांगरा (बांकुड़ा), मेदिनीपुर (पश्चिम मेदिनीपुर) और हाड़ोआ व नैहटी (उत्तर 24 परगना) में हैं। इन क्षेत्रों में मतदान 13 नवंबर को हुआ था, जिसमें हिंसा के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इन उपचुनावों की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि इन सीटों के विधायक इस साल के आम चुनाव में लोकसभा सांसद चुने गए थे। 2021 के विधानसभा चुनाव में, मदारीहाट को छोड़कर, जहां भाजपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी।

# सीएम नीतीश ने योजनाओं का किया शिलान्यास

**पुलों का उद्घाटन**

**ग्रामीण कार्य विभाग की 8,837.77 करोड़ रुपये लागत की 6,199 योजनाओं का किया शिलान्यास**



**टीम एक्शन इंडिया**

पटनाः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग की 8,837.77 करोड़ रुपये लागत की 6,199 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ एवं उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कई पथों एवं पुलों का उद्घाटन के साथ शिलान्यास किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का कार्यारंभ किया गया है उन सभी पथों एवं पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे सभी पथों एवं पुलों जिनका उद्घाटन आज किया जा रहा है उन सभी पथों का नियमित निरीक्षण करते हुये उनका सतत मेंटेनेंस सुनिश्चत करें ताकि उसकी गुणवत्त गुणवत्ता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के अन्य सभी पथों एवं पुलों की सतत निगरानी करते हुये उनका नियमित मेंटेनेंस भी सुनिश्चित करें।



पतंजलि भारतीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान (पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज) के सत्र 2024-25 के लिए चयनित भावी चिकित्सकों का शिक्षारम्भ व उपनयन संस्कार पतंजलि योगपीठ स्थित आयुर्वेद भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत यज्ञ व मंगलाचरण से हुई।

## बाघ पर हमले के नौ आरोपित हिरासत में

**नगांव, (असम):** जखलाबंधा के केरी बाकरी में बाघ पर किए गए हमले के मामले में जखलाबंधा पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया है। मामला 112/24 दर्ज किया गया है।

# भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता में में भाग लें विद्यार्थी: मुख्यमंत्री



**आह्वान**

**कर्मवाद की शिक्षा देने का उनका प्रयास और विश्व को श्रीमद् भगवद गीता की देन अद्वितीय है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश की धरती उज्जैन पधार कर आचार्य सांदीपनि से शिक्षा प्राप्त करना सनातन संस्कृति की अद्वितीय घटना है। महाभारत जैसे भीषण युद्ध के बीच शास्त्र सम्मत मार्ग दिखाते हुए कर्मवाद की शिक्षा देने का उनका प्रयास और विश्व को श्रीमद् भगवद गीता की देन अद्वितीय है। शास्त्र के रूप में स्थापित भगवद गीता विद्वतजन, ऋषि मुनि से लेकर जन-सामान्य तक के मन में जिज्ञासा भी उत्पन्न करती है और समाधान भी प्रदान करती है। गीता को आचरण और व्यवहार में धारण कर मानव, अपने जीवन को कर्मवाद से जोड़कर सद्मार्ग का अनुसरण करते हुए सफलताएं प्राप्त कर सकता है। इस वर्ष गीता जयंती पर इस्कॉन के साथ मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भगवद गीता पर केंद्रित प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। गीता के श्लोकों का वाचन, अध्ययन-मनन और भगवद गीता में लोगों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यह अकादमिक अभियान चलाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की।

**स्कूल शिक्षा विभाग और विक्रमादित्य शोध पीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से होगी प्रतियोगिता**

उल्लेखनीय है कि भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता, स्कूल शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग के विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य छात्रों में स्थायी नैतिक मूल्यों का संचार करना, चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

# देश की शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की जरूरत : गोपाल राय



**मांग**

**विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने अखिल भारतीय गुरुकुल परिषद बनाने की मांग की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने देश की शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव की मांग की है। उन्होंने मदरसा बोर्ड, ईसाई मिशनरी के स्कूलों, आईसीएसई, सीबीएसई और सभी राज्य शिक्षा बोर्डों की मान्यता समाप्त कर अखिल भारतीय गुरुकुल परिषद की स्थापना की बात कही। शुक्रवार को शहर में आए गोपाल राय पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली में सुधार की जरूरत है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। विदेशी शिक्षा प्रणाली के प्रभाव को खत्म करना और गुरुकुल आधारित शिक्षा को पुनर्जीवित करना समय की आवश्यकता है।

## महाराष्ट्र में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

मुंबईः महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मतों की गिनती शनिवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक सूबे के 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 288 मतगणना केंद्र और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 01 मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं।

**त्वरित न्याय** मुख्यमंत्री के निर्देश पर, जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं की लंबित क्षतिपूर्ति को जल्द निस्तारित करने का आदेश

# पीड़ित महिलाओं को सशक्त करने में जुटी योगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं को सशक्त करने में जुटी योगी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों में त्वरित न्याय और सहायता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर, जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं की लंबित क्षतिपूर्ति को जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया गया है। यह निर्णय राज्य की ह्यरानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजनाह्न के तहत लिया गया, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 50 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। महिला कल्याण विभाग के तहत संचालित इस योजना का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में वापस लौट सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। प्रदेश में 9 जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं के लिए संचालित यह योजना प्रभावी तरीके काम कर रही है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि जघन्य अपराधों के कई मामलों में सहायता प्रक्रिया लंबित है। जिसमें 701 प्रकरण पुलिस नोडल अधिकारी स्तर पर लंबित हैं वहीं 7583 प्रकरण नोडल चिकित्साधिकारी स्तर पर और 8893 प्रकरण जिला संचालन समिति स्तर पर लंबित हैं। योगी सरकार द्वारा इन सभी 17177 लंबित प्रकरणों को इस महीने के अंत तक निस्तारित कर पीड़िताओं को राहत देने का निर्देश दिया गया है। निर्देश के बाद अब जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति इन प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिला कल्याण योजनाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925